www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

मौसम

अधिकतम तापमान 35.c

28.c न्यूनतम तापमान

बाजार

सोना 95.770g

चांदी 78.800 kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/bharatsamvad.in

www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n

E-Paper bharatsamvad.live

2 अराजकता में डूबे बंगाल में नाउम्मीदी का अंधेरा

ससुर ने बहू को कुल्हाड़ी से काट डाला 04

वर्ष :08 | अंक :295 | मुंबई ,गुरूवार , 17 अप्रैल , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2 : 00 रुपए

संक्षिप्त समाचार

## धनशोधन मामले में ईडी ने छापेमारी की

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कथित रियल एस्टेट धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत हैदराबाद में कई स्थानों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह कार्रवाई सुराणा समूह और साई सूर्या डेवलपर्स के खिलाफ की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, ईडी की टीमों ने सिकंदराबाद, जुबली हिल्स और बोवेनपल्ली स्थित परिसरों पर छापे मारे हैं। धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत यह जांच उन आरोपों से जुड़ी है, जिनमें कहा गया है कि इन रियल एस्टेट कंपनियों ने समय पर अपनी परियोजनाओं को क्रेताओं को नहीं दिया। सूत्रों ने बताया कि साई सूर्या डेवलपर्स के मालिक कंचरला सतीश चंद्र गुप्ता के खिलाफ ग्रीन मीडोज नामक परियोजना में कथित चूक को लेकर पुलिस जांच भी चल रही है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के ब्रांड एंबेसडर अभिनेता महेश बाबू थे, लेकिन उनके खिलाफ फिलहाल कोई आरोप नहीं है। मधुरा नगर थाने में दर्ज शिकायत के अनुसार, 32 वर्षीय एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर नक्का विष्णु वर्धन ने गुप्ता और उनकी कंपनी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। यह रियल एस्टेट कंपनी हैदराबाद के वेंगल राव नगर में स्थित है।

## हाथी के हमलों में हाल ही में हुई मौत को लेकर अथिरापिल्ली में हड़ताल

त्रिशूर जिले के अथिरापिल्ली वन क्षेत्र में हाथी के हमले में एक महिला समेत दो आदिवासी व्यक्तियों की मौत के एक दिन बाद, बुधवार को क्षेत्र में दिन भर सार्वजनिक हड़ताल हुई।स्थानीय लोगों ने सरकार की कथित निष्क्रियता के विरोध में यह हड़ताल की। अथिरापिल्ली पुलिस थाना के एक अधिकारी ने बताया कि इस हड़ताल को सभी राजनीतिक दलों का समर्थन प्राप्त है और यह शांतिपूर्वक चल रही है।पुलिस ने कहा कि प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर नाकेबंदी की और पर्यटक वाहनों को वापस भेज दिया। लेकिन कार्यालय जाने वालों, आपात वाहनों और आवश्यक सामान ले जाने वाले वाहनों को जाने दिया। उन्होंने कहा कि यह एक शांतिपूर्ण आंदोलन है।अधिकारी ने हालांकि कहा कि यह एक पर्यटन स्थल है, इसलिए पर्यटकों को वापस भेजने से क्षेत्र पर असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारियों ने आश्वासन दिया है कि वे कुछ घंटों में आंदोलन वापस ले लेंगे और यह शाम तक जारी नहीं रहेगा। टीवी चैनलों पर दिखाए गए दृश्यों में प्रदर्शनकारी सड़कों के बीच खड़े हो कर निजी वाहनों को वापस भेजते नजर आ रहे हैं और बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए आस-पास मौजूद हैं।

# वक्फ कानून पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा- क्या हिंदू धार्मिक ट्रस्टों में मुस्लिमों को जगह देंगे

इनकार

▶▶ सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट की तरफ से कोई अंतरिम आदेश पारित नहीं किया गया है। प्रतिवादियों के अनुरोध के बाद न्यायालय कल दोपहर 2 बजे सुनवाई करेगा।




एजेंसी

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार के वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को दो घंटे सुनवाई हुई। इस कानून के खिलाफ 100 से ज्यादा याचिकाएं लगाई गई हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इन पर केंद्र से जवाब मांगा है, लेकिन कोर्ट ने कानून के लागू होने पर रोक नहीं लगाई है ।सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ कानून के विरोध में देशभर में हो रही हिंसा पर चिंता जताई। इस पर कहा कि ऐसा नहीं लगना चाहिए कि हिंसा का इस्तेमाल दबाव डालने के लिए किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि हम इस पर फैसला करेंगे ।सुनवाई के दौरान कपिल सिब्बल ने कहा कि वक्फ कानून के तहत बोर्ड में अब हिंदुओं को भी शामिल किया जाएगा। यह अधिकारों का हनन है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा कि क्या वह मुसलमानों को हिंदू धार्मिक ट्रस्टों का हिस्सा बनने की अनुमति देने को तैयार है। हिंदुओं के दान कानून के मुताबिक, कोई भी बाहरी बोर्ड का हिस्सा नहीं हो सकता है। सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस पीवी संजय कुमार, जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच मामले पर सुनवाई कर रही है। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता पैरवी कर रहे हैं। वहीं कानून के खिलाफ कपिल सिब्बल, राजीव धवन, अभिषेक मनु सिंघवी, सीयू सिंह दलीलें रख रहे हैं।'सुप्रीम कोर्ट अब गुरुवार 2 बजे सुनवाई करेगा।सुनवाई में अपीलकर्ताओं ने वक्फ बोर्ड बनाने, पुरानी वक्फ संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन, बोर्ड मेंबर्स में गैर-मुस्लिम और विवादों के निपटारों को लेकर मुख्य दलीलें दीं।

### सुप्रीम कोर्ट ने 'वक्फ बाय यूजर' पर केंद्र से मांगा जवाब

सुप्रीम कोर्ट ने 'वक्फ बाय यूजर' प्रावधान को हटाने पर केंद्र से जबाव मांगा। अदालत ने कहा कि 14वीं से 16वीं शताब्दी के बीच बनी ज्यादातर मस्जिदों के पास बिक्री विलेख नहीं होंगे। इनका रजिस्ट्रेशन कैसे होगा। 'वक्फ बाय यूजर' उस संपत्ति को कहा जाता है जिसे लंबे समय तक धार्मिक या परोपकारी उद्देश्यों के लिए उपयोग में लाए जाने के कारण वक्फ माना जाता है, भले ही उसके पास कोई औपचारिक दस्तावेज न हो। हालांकि, नए कानून में एक छूट दी गई है कि यह उन संपत्तियों पर लागू नहीं होगा जो विवादित हैं या सरकारी भूमि पर हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने 'वक्फ बाय यूजर' पर केंद्र से जवाब मांगा

*सुप्रीम कोर्ट ने 'वक्फ बाय यूजर' प्रावधान को हटाने पर केंद्र से जबाव मांगा। अदालत ने कहा कि 14वीं से 16वीं शताब्दी के बीच बनी ज्यादातर मस्जिदों के पास बिक्री विलेख नहीं होंगे। इनका रजिस्ट्रेशन कैसे होगा। 'वक्फ बाय यूजर' उस संपत्ति को कहा जाता है जिसे लंबे समय तक धार्मिक या परोपकारी उद्देश्यों के लिए उपयोग में लाए जाने के कारण वक्फ माना जाता है, भले ही उसके पास कोई औपचारिक दस्तावेज न हो। हालांकि, नए कानून में एक छूट दी गई है कि यह उन संपत्तियों पर लागू नहीं होगा जो विवादित हैं या सरकारी भूमि पर हैं।*

### जस्टिस विश्नाथन- हिंदू एक्ट कहता है कि चैरिटेबल ट्रस्ट की देखरेख हिंदू करेगा

केंद्र की ओर से सीजी - मैं कोई उदाहरण नहीं दे रहा हूं। मैं केवल एक वैधानिक कमेटी की बात कर रहा हूं, जो नजर रखेगी। इसमें मुस्लिम मेंबर्स हो भी सकते हैं और नहीं भी।

# जस्टिस बीआर गवई होंगे देश के नए सीजेआई

## सीजेआई खन्ना ने भेजी कानून मंत्रालय को सिफारिश

### छह माह का होगा कार्यकाल

परंपरा के अनुसार, मुख्य न्यायाधीश ने न्यायमूर्ति गवई को अपना उत्तराधिकारी नामित करते हुए केंद्रीय विधि मंत्रालय को एक प्रस्ताव भेजा है। मंत्रालय ने पहले मुख्य न्यायाधीश से उनके उत्तराधिकारी के नाम का प्रस्ताव मांगा था।

एजेंसी

नई दिल्ली । भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना ने आधिकारिक तौर पर न्यायमूर्ति बीआर गवई को अपना उत्तराधिकारी बनाने की सिफारिश की है, तथा उनके नाम को मंजूरी के लिए केंद्रीय कानून मंत्रालय को भेज दिया है। इस सिफारिश से न्यायमूर्ति गवई के भारत के 51वें मुख्य न्यायाधीश बनने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। ऐसे में न्यायमूर्ति बी.आर. गवई भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे। न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई 14 मई को भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे, जो कि वर्तमान मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना के सेवानिवृत्त होने के एक दिन बाद होगा ।परंपरा के अनुसार, मुख्य न्यायाधीश ने न्यायमूर्ति गवई को अपना उत्तराधिकारी नामित करते हुए केंद्रीय विधि मंत्रालय को एक प्रस्ताव भेजा है। मंत्रालय ने पहले मुख्य न्यायाधीश से उनके उत्तराधिकारी के नाम का प्रस्ताव मांगा था। न्यायमूर्ति गवई लगभग छह महीने तक भारत के मुख्य न्यायाधीश रहेंगे।



# कांग्रेस अपनी बनाई ईडी से खुद परेशान

## अखिलेश यादव की मांग, अब इसे खत्म कर देना चाहिए

कांग्रेस ने बुधवार को दावा किया कि नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ ईडी का आरोपपत्र सरकार की घबराहट और नैतिक दिवालियापन को दर्शाता है।

एजेंसी

नई दिल्ली । नेशनल हेराल्ड मामले पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि कांग्रेस ने ईडी का गठन किया। आज वे ईडी के कारण मुश्किल में हैं। आर्थिक अपराधों की जांच के लिए कई संस्थाएं हैं। ईडी जैसी एजेंसियों को खत्म कर देना चाहिए। कन्नौज सांसद ने प्रवर्तन निदेशालय को खत्म करने की भी मांग कर दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने ही ईडी कानून बनाया था। उस समय कई पार्टियों ने इसका विरोध किया था, कांग्रेस से कहा था कि आप ऐसा कानून ला रहे हैं जिससे अंततः आपको ही परेशानी हो सकती है। महाराष्ट्र में जो भी नेता भाजपा के खिलाफ था, उसे ईडी , सीबीआई और आयकर विभाग का सामना करना पड़ा। मैं इतना समझता हूँ कि ईडी जैसे विभाग को खत्म कर देना चाहिए। मैं कांग्रेस से भी यही माँग करूँगा। एऊ होने का मतलब है कि आप आयकर विभाग या जैसी अपनी संस्थाओं पर भी भरोसा नहीं कर रहे हैं ।कांग्रेस ने बुधवार को दावा किया कि नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ ईडी का आरोपपत्र सरकार की घबराहट और नैतिक दिवालियापन को दर्शाता है। कांग्रेस ने कहा कि वह ऐसी धमकियों से नहीं डरेगी। एआईसीसी महासचिव जयराम रमेश ने हिंदी में एक लंबी पोस्ट में नेशनल हेराल्ड चलाने वाली कंपनी एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड को दिए गए



# योगी सबसे बड़े भोगी : ममता बनर्जी

## इमामों की बैठक में कहा- मुर्शिदाबाद दंगा में भाजपा-बीएसएफ की मिलीभगत, बांग्लादेशी घुसपैठिए बुलाकर दंगे करवाए

ममता ने कहा पीएम मोदी से वक्फ कानून को रोकने और अमित शाह के नेतृत्व वाले गृह मंत्रालय को नियंत्रण में रखने की मांग की। ममता ने कहा– मैं प्रधानमंत्री से अमित शाह पर नियंत्रण रखने का अनुरोध करूंगी, वह अपने राजनीतिक एजेंडे को पूरा करने के लिए देश को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

एजेंसी

कोलकाता , इमामों की सभा में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा- यूपी के सीएम योगी बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं। वह सबसे बड़े भोगी हैं। महाकुंभ में कई लोगों की जान चली गई। उत्तर प्रदेश में मुठभेड़ों में कई लोग मारे गए। योगी लोगों को रैलियां नहीं निकालने देते वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन के दौरान हुई मुर्शिदाबाद हिंसा के बाद ममता ने कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में कहा- मुर्शिदाबाद में हुआ दंगा प्री प्लांड था। इसमें भाजपा, बीएसएफ और सेंट्रल एजेंसीज की मिलीभगत थी। बांग्लादेशी घुसपैठियों को देश में बुलाकर ये दंगे करवाए गए ।दरअसल, यूपी के सीएम योगी ने मंगलवार को बंगाल हिंसा पर कहा था- बंगाल जल रहा है और मुख्यमंत्री चुप हैं। वह दंगाइयों को शांति दूत कह रही हैं। लातों के भूत बातों से कहां मानने वाले हैं। दंगाइयों के लिए डंडा ही एकमात्र इलाज है। ममता ने धर्मनिरपेक्षता के नाम पर दंगाइयों को आजादी दे दी है।

ममता ने कहा कि मुझे मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा में बांग्लादेश के शामिल होने की खबर मिली है। क्या बॉर्डर की सुरक्षा पीएम की भूमिका नहीं है ? राज्य सरकार अंतरराष्ट्रीय सीमा की रक्षा नहीं करती है। केंद्र सरकार को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए।



# गुरुग्राम लैंड स्कैम, रॉबर्ट वाड्रा से पूछताछ

## ईडी ने आज फिर बुलाया; वेटिंग रूम में बैठी रहीं सांसद प्रियंका गांधी

एजेंसी

चंडीगढ़ , गुरुग्राम लैंड स्कैम केस में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा से लगातार दूसरे दिन प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 2 घंटे पूछताछ की। ईडी ने उन्हें कल फिर से पूछताछ के लिए बुलाया है। पूछताछ के बाद वाड्रा ने कहा कि वे मुझसे बहुत प्यार करते हैं ।

वाड्रा सुबह 11 बजे के बाद ईडी ऑफिस पहुंचे थे। उनके साथ प्रियंका गांधी भी थीं। वह पूछताछ तक वेटिंग रूम में बैठी रहीं। इससे पहले मंगलवार को भी ईडी ने वाड्रा से करीब 6 घंटे पूछताछ की थी। वाड्रा पूछताछ के लिए पैदल ही दफ्तर पहुंचे थे ।बुधवार को पेशी से पहले वाड्रा ने कहा, ्रमैं कभी भी अपने आपको सॉफ्ट टारगेट नहीं बुलाऊंगा। आप (केंद्र सरकार) मुझे परेशान करोगे या कोई प्रेशर डालोगे तो मैं और उभरकर आऊंगा, स्ट्रॉन्ग बनूंगा। हम लोगों की बात रखते हैं, इसलिए टारगेट पर हैं। हम किसी से डरते नहीं हैं।



# मुजफ्फरपुर में बस्ती में आग, जिंदा जले 4 बच्चे

## दर्जनों घर जलकर राख हुए; हाई टेंशन तार गिरने से हुआ हादसा

डीएम ने आग लगने से 4 बच्चों की मौत की पुष्टि की है। मौके पर एसडीएम को भेजा गया है। मृतक के परिवार को मुआवजा दिया जाएगा और 2 दिनों तक लोगों के खाने-पीने की व्यवस्था कराई गई है। घटना बरियारपुर थाना क्षेत्र के रामपुर मनी पंचायत की है।

एजेंसी



मुजफ्फरपुर , बिहार के मुजफ्फरपुर में बुधवार को एक दलित बस्ती के 50 से अधिक घरों में आग लग गई। हादसे में 4 बच्चों हो गई है। मृतकों में छोटू पासवान की बेटी अंशिका कुमारी (05), राज पासवान की बेटी ब्यूटी कुमारी (08), सृष्टि कुमारी (06), विपुल कुमार (10) शामिल हैं ।वहीं, 15 से 20 बच्चे आग से बचने के लिए इधर-उधर भाग गए थे। दो घंटे बाद गायब सभी बच्चे अपने घर पहुंच गए ।मुजफ्फरपुर जिला प्रशासन का कहना है कि घटना में 5वें व्यक्ति की मौत अफवाह थी ।बताया जा रहा है कि शार्ट सर्किट की वजह से हाई टेंशन तार गोलक पासवान के घर पर गिरा, जिसकी वजह से आग लगी। फिर देखते ही देखते पूरे झुग्गी इलाके में फैल गई। इस दौरान कई झुग्गियों में रखे सिलेंडर ब्लास्ट कर गए। गांव के गोलक पासवान के घर में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी। जब तक लोग कुछ समझ पाते, तब तक तेज हवा की वजह से आग काफी तेजी से फैल गई। आग की लपटें ज्यादा तेज थीं। जिस कारण बच्चे डर गए।

# आरएसएस - भाजपा को सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही हरा सकती है : राहुल

## गुजरात में संगठन मजबूत करने पर राहुल का जोर

▶▶ राहुल ने कहा कि मौजूदा लड़ाई सिर्फ.राजनीतिक लड़ाई नहीं है, बल्कि बीजेपी-आरएसएस और कांग्रेस के बीच विचारधारा की लड़ाई भी है। पूरा देश जानता है कि अगर कोई बीजेपी को हरा सकता है, तो वो सिर्फ.कांग्रेस पार्टी है। अगर हमें देश में आरएसएस और बीजेपी को हराना है, तो इसका रास्ता गुजरात से होकर जाता है।

एजेंसी



गुजरात में राहुल गांधी ने कहा कि सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही आरएसएस और भाजपा को हरा सकती है। राहुल ने मोडासा शहर में कांग्रेस कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम राज्य में भाजपा को हराएंगे। उन्होंने कार्यकताओं में जोश भरते हुए कहा कि गुजरात कांग्रेस पार्टी के लिए सबसे महत्वपूर्ण राज्य है। राहुल ने कहा कि मौजूदा लड़ाई सिर्फ.राजनीतिक लड़ाई नहीं है, बल्कि बीजेपी-आरएसएस और कांग्रेस के बीच विचारधारा की लड़ाई भी है। पूरा देश जानता है कि अगर कोई बीजेपी को हरा सकता है, तो वो सिर्फ.कांग्रेस पार्टी है। अगर हमें देश में आरएसएस और बीजेपी को हराना है, तो इसका रास्ता गुजरात से होकर जाता है।

वॉकआउट | तमिलनाडु विधानसभा से वॉकआउट करने की बताई वजह

# एआईएडीएमके प्रमुख ने डीएमके को बताया गिरगिट

एजेंसी

तमिलनाडु विधानसभा में मंगलवार और बुधवार को ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) ने लगातार दो बार वॉकआउट किया। पार्टी प्रमुख एडप्पादी के पलानीस्वामी ने डीएमके के नेतृत्व वाली सरकार पर विपक्ष की आवाज दबाने और गंभीर आरोपों का सामना कर रहे मंत्रियों को बचाने का आरोप लगाया। एआईएडीएमके विधायकों द्वारा विधानसभा नियम 72 के तहत तीन वरिष्ठ मंत्रियों: के पोनमुडी, केएन नेहरू और वी सेंथिल बालाजी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के प्रयास के बाद वॉकआउट किया गया। हालांकि, स्पीकर एम अप्पावु ने उन्हें प्रस्ताव पर बोलने की अनुमति नहीं दी, जिससे विपक्ष वॉकआउट कर गया। ईपीएस ने पत्रकारों से कहा कि हमने स्पीकर को उनके चैंबर में पत्र सौंपा। हमने नियम 72 का इस्तेमाल किया क्योंकि स्टालिन के मंत्रियों में हमारा विश्वास खत्म हो गया है। स्पीकर द्वारा चर्चा की अनुमति देने से इनकार करने को अलोकतांत्रिक बताया। यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। इस तरह के प्रस्तावों पर पहले भी चर्चा हुई है। अब चुप्पी क्यों है ? विरोध प्रदर्शन के दौरान एआईएडीएमके सदस्यों ने नारे लगाए। लोकतंत्र कहां है ? लोगों के मुद्दे उठाने की इजाजत नहीं है। ईपीएस के अनुसार, प्रस्ताव में नेहरू का नाम हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनके और उनके बेटे से जुड़ी संपत्तियों पर की गई छापेमारी के कारण लिया गया है। बालाजी का नाम ईडी की जांच के तहत टीएएसएमएसी विभाग के संचालन के कारण लिया गया है; तथा पोनमुडी का नाम महिलाओं और हिंदू धर्म के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने के कारण लिया गया है। ईपीएस ने पोनमुडी की विवादास्पद टिप्पणियों और राज्य की स्वायत्तता के व्यापक सवालों पर मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की चुप्पी पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा, केवल चुनाव ही गठबंधन की ताकत तय करेंगे। बिना बंटवारे के वोटों से दुश्मन को हराया जाना चाहिए। हमने डीएमके के खिलाफ समान विचारों वाली पार्टियों के साथ समन्वय करने का प्रयास किया। उन्होंने आगे दावा किया कि डीएमके को हराने के लिए कई अन्य दल एआईएडीएमके-बीजेपी गठबंधन में शामिल होंगे, उन्होंने कहा, सबसे पहले, बीजेपी हमारे गठबंधन में आई। बहुत जल्द, कई अन्य दल हमारे एआईएडीएमके-बीजेपी गठबंधन में शामिल होंगे।



ईपीएस ने पत्रकारों से कहा कि हमने स्पीकर को उनके चैंबर में पत्र सौंपा। हमने नियम 72 का इस्तेमाल किया क्योंकि स्टालिन के मंत्रियों में हमारा विश्वास खत्म हो गया है। स्पीकर द्वारा चर्चा की अनुमति देने से इनकार करने को अलोकतांत्रिक बताया। यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। इस तरह के प्रस्तावों पर पहले भी चर्चा हुई है।

# 'एनडीए के किसी सहयोगी या भाजपा नेता को ईडी ने क्यों नहीं छुआ?' सिंघवी का सरकार से सवाल



सिंघवी ने आगे आरोप लगाया कि इस 'प्रतिशोध की राजनीति' के मास्टरमाइंड दो लोग हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों से प्रतिशोध, उत्पीड़न और धमकी की राजनीति चल रही है।

एजेंसी

कांग्रेस ने बुधवार को सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आरोपपत्र की निंदा करते हुए इसे 'राजनीतिक प्रतिशोध' बताया और सवाल किया कि भाजपा या उसके सहयोगी दलों के किसी भी नेता को इस तरह की जांच का सामना क्यों नहीं करना पड़ा। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नेता अभिषेक सिंघवी ने दावा किया कि यह देश के सामने मौजूद आर्थिक संकट से ध्यान हटाने की कोशिश है और आरोप लगाया कि नेशनल हेराल्ड मामला कानूनी वेश में 'राजनीतिक प्रतिशोध' के अलावा और कुछ नहीं है। सिंघवी ने आगे आरोप लगाया कि इस 'प्रतिशोध की राजनीति' के मास्टरमाइंड दो लोग हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों से प्रतिशोध, उत्पीड़न और धमकी की राजनीति चल रही है। कांग्रेस नेतृत्व, खासकर कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। सिंघवी ने आगे कहा कि यह कानूनी छद्म प्रतिशोध के अलावा और कुछ नहीं है। ईडी को जवाब देना चाहिए कि एनडीए के किसी सहयोगी या भाजपा नेता को ईडी ने क्यों नहीं छुआ।

## सम्पादकीय

### आतंक पर निर्णायक प्रहार का अवसर, तहव्वुर राणा यूरोप में भी आतंकी हमले की साजिश रच रहा था

मुंबई पर हुए भीषण आतंकी हमले के डेढ़ दशक बाद उसका एक मुख्य षड्यंत्रकारी तहव्वुर हुसैन राणा अंततः भारत के हाथ लग गया। पाकिस्तानी मूल के कनाडाई नागरिक राणा का हाल में अमेरिका से प्रत्यर्पण संभव हुआ है। यह मोदी सरकार की बड़ी कूटनीतिक जीत मानी जा रही है ।राणा के गिरफ्त में आने के बाद कई रहस्यों से पर्दा उठने की उम्मीद जगी है। राणा की गिरफ्तारी पर जारी विज्ञप्ति में राष्ट्रीय जांच एजेंसी यानी एनआइए ने लश्कर-ए-तोइबा के साथ-साथ हरकत उल जिहाद-ए-इस्लामी को भी इन हमलों का साजिशकर्ता बताया है। पहले इन हमलों को अकेले लश्कर का काम समझा जाता रहा ।राणा का भारत की गिरफ्त में आने का एक ऐतिहासिक पहलू और भी है। कनाडा की नागरिकता पाने से पहले वह पाकिस्तानी फौज की मेडिकल कोर में कैप्टन था। राणा का भाई भी पाकिस्तानी फौज में मनोविज्ञानी है। इस दृष्टिकोण से देखें तो राणा संभवतः पाकिस्तानी फौज से जुड़ा पहला ऐसा व्यक्ति है, जो जम्मू-कश्मीर से बाहर हुए किसी आतंकी हमले के मामले में भारत के हत्थे चढ़ा है ।राणा और मुंबई हमले के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक पाकिस्तानी मूल का अमेरिकी नागरिक दाऊद गिलानी उर्फ डेविड कोलमैन हेडली लश्कर के साथ-साथ अलकायदा के आतंकी इलियास कश्मीरी के लिए भी काम कर रहे थे। इलियास भी राणा की तरह पाकिस्तानी फौज में रह चुका था ।एक भारतीय सैनिक का सिर काटने पर जनरल परवेज मुशर्रफ ने उसे सम्मानित भी किया था। पाकिस्तान में बैठकर मुंबई हमले का संचालन करने वाला मेजर इकबाल भी पाकिस्तानी फौज का ही अफसर है। यह दशार्ता है कि खुद पाकिस्तान फौज न केवल आतंकी पैदा करने की फैक्ट्री है, बल्कि उसमें और लश्कर एवं जैश जैसे आतंकी संगठनों में कोई अंतर नहीं ।यह उस आख्यान को ध्वस्त करता है, जो भारत में अमन की आशा ब्रिगेड और बालीवुड फिल्मों द्वारा प्रस्तुत किया जाता रहा है कि पाकिस्तान में आतंकी संगठन फौज की भी नहीं सुनते। अब राणा के जरिये भारत को पाकिस्तान प्रायोजित आतंक के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करनी चाहिए ।पाकिस्तान का भारत के विरुद्ध जिहादी आतंकवाद का उपयोग अब परोक्ष युद्ध का मामला नहीं रह जाता। 26/11 हमला पाकिस्तानी फौज द्वारा भारत पर सीधा हमला था, जिसमें पाकिस्तानी फौज के पूर्व और तत्कालीन सैन्य अधिकारियों की संलिप्तता थी। राणा और हेडली दोनों पाकिस्तानी फौज के हसन अब्दाल कैडेट कालेज में साथ ही पढ़े ।उनका संबंध भी संपन्न परिवारों से रहा। हेडली के पिता राजनयिक रहे थे। दोनों का आतंकी बनना आतंकवाद की समस्या के पीछे अशिक्षा और गरीबी को कारण बताने वाले विमर्श की भी पोल खोलता है।

## आज का विचार

दौलत चाहे कितनी भी बेईमानी से इकट्ठा कर लो मगर उसकी रखवाली के लिए इमानदार इंसान ही चाहिए।



## राशिफल

**मेष राशि:** आपका उतार-चढ़ाव से भरा रहेगा. स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रह सकते हैं. व्यापार में नुकसान का सामना करना पड़ सकता है. विरोधी वर्ग सक्रिय होंगे. परिवार में आपसी मतभेद बढ़ सकते हैं. पत्नी से वाद विवाद हो सकता है.

**वृषभ राशि:** आप अपने स्वास्थ्य में गिरावट महसूस करेंगे. किसी विशेष बात को लेकर आप कल मानसिक तौर से परेशान रह सकते हैं. व्यापार में कोई नया कार्य कल शुरू न करें. व्यापार में कोई बड़ा जोखिम न उठाएं. परिवार में पत्नी से मतभेद हो सकते हैं.

**मिथुन राशि:** दिन ठीक-ठाक रहेगा. कोई रुका हुआ पुराना कर कल पूरा होगा. स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव दिखाई पड़ेगा. व्यापार में आर्थिक स्थिति मजबूत होगी. कोई नया कार्य कल आप शुरू कर सकते हैं.

**कर्क राशि:** आपके लिए अच्छा रहेगा. किसी धार्मिक यात्रा आदि पर जा सकते हैं. कोई व्यक्ति विशेष से मिलना होगा, जिससे आगामी समय में लाभ के योग बनेंगे. आप व्यापार में कोई नया काम शुरू कर सकते हैं. कोई बड़ी डील या पार्टनरशिप कल आपको मिल सकती है.

**सिंह राशि:** आपके लिए आपके अनुकूल रहेगा. नौकरी के लिए यदि प्रयासरत है, तो कल आपको सफलता प्राप्त होगी. व्यापार में भी कोई नया आपको ऑफर मिल सकता है. किसी विशेष व्यक्ति से मिलना होगा.

**कन्या राशि:** आपका अच्छा रहने वाला है. सोचे हुए कार्य पूर्ण होंगे. स्वास्थ्य में लाभ प्राप्त होगा. किसी अपने से मिलना होगा. परिवार में कोई सुख समाचार प्राप्त होगा. व्यापार में रुका हुआ कार्य पूर्ण हो सकता है. कोई नया काम कल आप शुरू कर सकते हैं.

**तुला राशि:** आपके लिए अच्छा रहेगा. आप नौकरी आदि के लिए प्रयास कर रहे हैं, तो कल आपको सफलता मिलेग. स्वास्थ्य को लेकर थोड़ा संभल कर रहें. स्वास्थ्य का ध्यान रखें. परिवार में कोई सुखद समाचार प्राप्त होगा. आप किसी विशेष कार्य का शुभारंभ कल कर सकते हैं. कार्यक्षेत्र में पत्नी से मतभेद दूर होंगे.

**वृश्चिक राशि:** अपने स्वास्थ्य को लेकर परेशान रह सकते हैं. आपका स्वास्थ्य कल बिगड़ सकता है. इसलिए इस बात का ध्यान रखें. खानपान पर संयम रखें. व्यापार में कल आपको घाटा मिल सकता है.

**धनु राशि:** आपका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है. आप किसी षड्यंत्र का शिकार हो सकते हैं. व्यापार में हानि उठानी पड़ेगी. कोई नया कार्य यदि शुरू करना चाहते हैं, तो यह समय उपयुक्त नहीं है. परिवार में संपत्ति को लेकर विवाद का माहौल बनेगा.

**मकर राशि:** कोई नया वाहन खरीद सकते हैं. साथ ही स्वास्थ्य में कल आपको लाभ महसूस होगा. व्यापार में सहयोगियों का सहयोग मिलेगा. आपको कोई बड़ा काम कार्य क्षेत्र में कल मिल सकता है. नौकरी वर्ग वालों को पदोन्नति मिल सकती है. परिवार में माहौल शानदार रहेगा. आप परिवार के लोगों के साथ बाहर कहीं जा सकते हैं.

**कुंभ राशि:** आपके लिए शुभ होगा. परिवार में पुत्र की जॉब लग सकती है. कोई सुखद समाचार कल आपको मिलेगा. स्वास्थ्य में कुछ नरमी रहेगी. परिवार में मांगलिक कार्य का योग बनेगा. साथ ही मित्र और परिवार के लोगों का आर्थिक सहयोग कल आपको मिल सकता है. कोई नया वाहन भवन खरीद सकते हैं.

**मीन राशि:** ससुराल पक्ष से आर्थिक मदद प्राप्त कर सकते हैं. पत्नी से मतभेद दूर होंगे. साथ ही कोई नई खुशखबरी आपको मिल सकती है. परिवार में माहौल आपके पक्ष में रहेगा. व्यापार में कोई नई कार्ययोजना कल बन सकती है. न्यायालय पक्ष में विजय होगी. घर में मांगलिक कार्य के योग बनेंगे. कोई नया वाहन खरीद सकते हैं.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# अराजकता में डूबे बंगाल में नाउम्मीदी का अंधेरा

> मुर्शिदाबाद हिंसा के जरिए पूरे बंगाल में हिंसा फैलाने का प्लान तुर्की में बनाया गया था, इसके जरिए बंगाल के हालात भी ठीक बांग्लादेश की तरह करने की कोशिश थी। हिंसा को लेकर बाकायदा एक लिस्ट तैयार की गई थी कि कौन कहां नुकसान करेगा और लूटपाट मचाएगा।

बंगाल में वक्फ कानून को लेकर हिंसा का सिलसिला जिस तरह तेज और सांप्रदायिक होता जा रहा है, जिस तरह से हिन्दुओं को निशाना बनाया जा रहा है, उन्हें मुर्शिदाबाद से पलायन को विवश किया जा रहा है, वह मुस्लिम तुष्टीकरण और दुष्प्रचार की खतरनाक राजनीति का प्रतिफल तो है ही, वह कुशासन एवं अराजकता की भी चरम पराकाष्ठा भी है। नए वक्फ कानून को लेकर कुछ राजनीतिक दल मुस्लिम समाज को विशेषत: किशोर बच्चों को हिंसा एवं तोड़फोड के लिये जानबूझकर सड़कों पर उतारने में लगे हुए हैं। वे उन्हें अराजकता एवं उन्माद के लिए उकसा भी रहे हैं और तरह-तरह से प्रोत्साहन दे रहे हैं। अराजकता फैलाने वाले किस तरह बेखौफ हैं, इसकी पुष्टि इससे होती है कि वे सरकारी-गैरसरकारी वाहनों को तोड़ने, जलाने के साथ पुलिस पर भी हमले कर रहे हैं। बंगाल के विभिन्न जिलों में वक्फ कानून के विरोध के बहाने फैलाई जा रही अराजकता इसलिए भी थमने का नाम नहीं ले रही हैं, क्योंकि खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस कानून के खिलाफ खड़ी होकर राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम कर रही हैं। पश्चिम बंगाल में हिंसा का बढ़ना, हिन्दुओं में डर पैदा होना, भय का वातावरण बनना, आम जनजीवन का अनहोनी होने की आशंकाओं से घिरा होना चिंताजनक भी है और राष्ट्रीय शर्म का विषय भी है ।यह बंगाल पुलिस के नाकारापन एवं ममता सरकार के मुस्लिम तुष्टिकरण का ही दुष्परिणाम है कि मुर्शिदाबाद के साथ ही अन्य शहरों में भी वक्फ कानून के विरोध की आड़ में हिंसा, तोड़फोड, आगजनी हो रही है। खतरनाक यह है कि इस दौरान हिंदुओं को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने वक्फ कानून विरोधियों की अराजकता से उपजे हालात का संज्ञान लिया। मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच गया है। इससे शर्मनाक एवं दर्दनाक और कुछ नहीं हो सकता कि मुर्शिदाबाद में 11 अप्रैल को हुई हिंसा के बाद करीब 500 हिंदू पलायन कर गए हैं। हिंदू परिवारों का आरोप है कि हिंसा के दौरान उनको चुन-चुनकर निशाना बनाया गया। उनके पीने के पानी में जहर तक मिला दिया गया है। इस हिंसा की जांच एजेंसियों ने पोल खोल दी है, यह हिंसा पूरी प्लानिंग के तहत की गई थी, जिसमें तुर्की से फंडिंग और स्थानीय मदरसों की मिलीभगत सामने आई है। हमलावरों को ट्रेनिंग दी गई और इनाम की व्यवस्था भी की गई थी। ममता बनर्जी एवं उनकी सरकार देश में एकमात्र ऐसी सत्तारुढ़ पार्टी एवं नेता बन गई है जिसका देश के संविधान, न्यायपालिका एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भरोसा नहीं रह गया है। वक्फ कानून का विरोध करने सड़क पर उतरे तत्वों के दुस्साहस का पता इससे चलता है कि वे सीमा सुरक्षा बल के जवानों को भी निशाना बनाने से नहीं हिचक रहे हैं। उनके इसी दुस्साहस के चलते मुर्शिदाबाद के हिंदुओं ने खुद को असहाय पाया। बंगाल में कानून के शासन ने सुनियोजित हिंसा के दुष्चक्र के समक्ष एक बार फिर समर्पण कर दिया। बंगाल में इसके पहले भी ऐसा हो चुका है। मई 2021 में विधानसभा चुनावों के बाद वहां तृणमूल समर्थक तत्वों ने अपने राजनीतिक विरोधियों को इतना आतंकित किया था कि वे जान बचाने के लिए असम में शरण लेने को मजबूर हुए थे। तब भी वहां पुलिस मूकदर्शक बनी हुई थी। ताजा हिंसक हालातों में राज्य सरकार और उसके नेता यह झूठ देश के गले में उतारने में लगे हुए हैं कि बंगाल में स्थितियां नियंत्रण में हैं। यह कैसा नियंत्रण है? यह कैसी शासन-व्यवस्था है? यह कैसा दोगलापन है? जिसमें एक समुदाय खुलेआम दूसरे समुदाय को निशाना बना रहा है। खुलेआम सार्वजनिक मंचों पर राष्ट्र-विरोधी विचारों का जहर घोला जा रहा है ।वक्फ कानून में संशोधन का विरोध विडम्बनापूर्ण होने के साथ देश में अराजकता फैलाने का माध्यम बना हुआ है। वक्फ कानून में संशोधन के तहत किसी मस्जिद, मदरसे आदि को लेकर किसी भी तरह के नुकसान, कब्जा करने या दखल की बात नहीं कही गयी है। इसके विरोधी चाहे जो तर्क दें, इससे कोई इंकार नहीं कर सकता कि वक्फ बोर्ड भ्रष्टाचार का अड्डा बने हुए थे और सरकारी-निजी जमीनों पर मनमाने तरीके से दावा कर दिया करते थे। उनकी इस मनमानी का शिकार अनेक मुस्लिम भी थे। क्या वक्फ कानून के विरोधी यह बताने की स्थिति में हैं कि वक्फ बोर्डों ने अभी तक कितने गरीब मुसलमानों की सहायता की? यह पहली बार नहीं है, जब किसी कानून के खिलाफ सड़कों पर उतरकर उपद्रव, हिंसा, आगजनी की जा रही हो। इसके पहले नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ भी ऐसा ही किया गया था। तब यह झूठ फैलाया जा रहा था कि इस कानून के जरिये मुसलमानों की नागरिकता छीन ली जाएगी। अब यह झूठ फैलाया जा रहा है कि नए वक्फ कानून के जरिये सरकार मस्जिदों और कब्रिस्तानों पर कब्जा करना चाहती है। यह निरा झूठ और शरारत ही है। वक्फ कानून के विरोधी भले ही लोकतंत्र और संविधान की दुहाई दे रहे हों, लेकिन ये उसकी धज्जियां ही उड़ा रहे हैं। वे वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले की प्रतीक्षा करने के लिए तैयार नहीं। मुर्शिदाबाद हिंसा के जरिए पूरे बंगाल में हिंसा फैलाने का प्लान तुर्की में बनाया गया था, इसके जरिए बंगाल के हालात भी ठीक बांग्लादेश की तरह करने की कोशिश थी। हिंसा को लेकर बाकायदा एक लिस्ट तैयार की गई थी कि कौन कहां नुकसान करेगा और लूटपाट मचाएगा। इसके साथ ही इनाम देने को लेकर योजनाएं बनाई गयी। हिंसा के दौरान इस बात का खास ध्यान देने का अलर्ट किया गया कि रेल और नॉर्मल ट्रांसपोर्ट न चल पाए। मौका मिलने पर हिंदुओं की हत्या करना भी टारगेट था। कुछ हिन्दुओं को मारा भी गया है। हिंदुओं के घरों के साथ मंदिरों पर हमले किए गए, घर जलाए गए, आजीविका नष्ट की गई, बलात्कार की धमकियां दी गयी, उससे यही स्पष्ट हो रहा है कि नए वक्फ कानून का विरोध करने वाले न केवल सांप्रदायिक घृणा में डूबे हैं, अराजकता एवं उन्माद पर सवार है, आतंकी माहौल बनाकर हिन्दुओं को भयभीय-आतंकित करना चाहते है। क्योंकि उन्हें यह भरोसा है कि ममता बनर्जी की सरकार और उनकी पुलिस उनके खिलाफ कुछ नहीं करने वाली। ज्यादा चिन्ताजनक तो यह है कि अराजक लोग चाहते हैं पलायन करने के लिए मजबूर लोग फिर कभी अपने घरों को न लौट पाएं। इन जटिल एवं अनियंत्रित होते अराजक हालातों में शांति, सौहार्द एवं सामान्य हालातों को निर्मित करने के लिये आवश्यक है कि केंद्र सरकार बंगाल में हस्तक्षेप करने के लिए आगे आए, बल्कि यह भी अपेक्षित है कि सुप्रीम कोर्ट वहां के हालात का स्वत: संज्ञान ले। उसे वक्फ कानून विरोधी हिंसक तत्वों के उपद्रव के लिए ममता सरकार को जवाबदेह बनाना ही होगा ।ममता वोट बैंक की राजनीति के लिये कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था की धज्जियां बार-बार उड़ाती रही है। ममता ने देश की एकता-अखंडता और सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को नजरअंदाज किया है, कानून से खिलवाड़ जितना पश्चिमी बंगाल में हुआ है उतना शायद ही देश के किसी दूसरे राज्यों में हुआ हो।



# अंतरिक्ष में इंटरनेट की बाजीगरी

**विजय गर्ग**



आज दुनिया में शायद ही कोई ऐसा देश या समाज होगा, जो इंटरनेट के बिना जीने की कल्पना कर सके। सिर्फ शहरी नहीं, बल्कि निर्जन और दुर्गम इलाकों में तो इंटरनेट को और भी बड़ी जरूरत बताया जाता है और दावा किया जाता है कि इसके न होने के कारण वहां विकास ठप पड़ा है। जिस तरह डिजीटलीकरण पर जोर बढ़ रहा है और कहा जा रहा है कि अगले बीस वर्षों में जो लोग डिजिटल माध्यमों से नहीं जुड़े होंगे, उनकी पहचान ही धुंधली हो जाएगी। साथ ही, अब दुनिया 2जी, 3जी और 4जी से आगे निकल कर 5जी या कहें कि तेज गति वाले इंटरनेट के दौर में आ चुकी है, जहां कई काम पलक झपकते पूरे कर लिए जाते हैं। हालांकि इंटरनेट में तेजी लाने के इस किस्से में दिमाग को दिग्भ्रमित करने वाली समस्याओं का उल्लेख किया जाता है, जिसमें लोग इंटरनेट का सार्थक इस्तेमाल करने के बजाय अपनी जिंदगी का बड़ा हिस्सा व्यर्थ की सामग्री (रील आदि) देखने-सुनने में बिता देते हैं, तो भी कई महत्त्वपूर्ण कार्यों में तेज इंटरनेट की जरूरत को अनिवार्य बताया जाता है।

तेज गति वाले इंटरनेट की जरूरत का संदर्भ भारत की दो निजी दूरसंचार कंपनियों का अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक से हुए समझौते से जुड़ता है, जिसमें उपग्रहों से संचालित बेहद तेज गति वाले इंटरनेट को आम लोगों तक पहुंचाने की पहल की जा रही है। हालांकि इस सुविधा से आम लोगों का जीवन स्तर बढ़ने का दावा किया जा रहा है, लेकिन देश में मौजूदा दरों और इंटरनेट तक गरीबों की पहुंच के तथ्यों की रोशनी में यह कवायद कंपनियों को फायदा पहुंचाने वाली मुहिम ज्यादा लगती है।

बहरहाल, जहां तक बात देश की दो दूरसंचार कंपनियों के एलन मस्क की कंपनी के साथ हुए समझौते की है, तो इस बारे में एक नजरिया यह है कि इससे देश के करोड़ों लोग तेज गति वाले इंटरनेट की सुविधा हासिल कर सकेंगे। इसका कारण यह है कि स्टारलिंक का अंतरिक्ष में तैनात हजारों उपग्रहों का संजाल शहरों-कस्बों से लेकर दूरदराज के ग्रामीण और बेहद दुर्गम इलाकों तक पहुंच सकेगा, जहां अभी इंटरनेट का कोई जरिया नहीं है। मौजूदा स्थिति यह है कि स्टारलिंक के सात हजार उपग्रह अंतरिक्ष में तैनात हैं, तो पारंपरिक तरीके से उपलब्ध होने वाले इंटरनेट की तस्वीर को पलट कर रख देंगे।

मस्क की स्टारलिंक के जाल की बात करें, तो इस समय यह दुनिया के देशों में उपभोक्ताओं तक पहुंच चुका है। इसके बरक्स भारत में इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या देखें, तो लगता है कि स्टारलिंक से भारतीय कंपनियों का समझौता उपभोक्ताओं के एक विशाल वर्ग की जरूरतों को साधने के मुकाबले कारोबारी ज्यादा है। इस पहलू को 'इंटरनेट इन इंडिया रपट 2024 के आंकड़ों से समझा जा सकता है। इस रपट के अनुसार वर्ष 2024 में भारत में सक्रिय इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या 88.6 करोड़ थी। इसमें सालाना वृद्धि दर को जोड़ कर अनुमान लगाया जा रहा है कि इस साल यानी 2025 के अंत तक देश में 90 करोड़ लोग इंटरनेट इस्तेमाल कर रहे होंगे।

इन आंकड़ों से यह भी पता चला है कि शहरों के मुकाबले अब ग्रामीण अंचलों में इंटरनेट का तेज प्रसार हो रहा है। इसका परिणाम यह है कि फिलहाल ग्रामीण इलाकों में 48.8 करोड़ लोग इंटरनेट से जुड़े हुए हैं, जो देश की कुल इंटरनेट आबादी का 55 फीसद है। फिर भी आकलन कहते हैं कि देश की 40 फीसद जनता के पास इंटरनेट तक पहुंच का कोई साधन नहीं है। इसके कई कारण हैं। जैसे खरीद क्षमता न होने के कारण स्मार्टफोन हासिल न होना और बिजली का कोई स्रोत उपलब्ध नहीं होना।

एक और कारण यह है कि ऐसे लोग देश के दूरदराज और दुर्गम इलाकों में रहते हैं, जहां पारंपरिक तरीकों से इंटरनेट पहुंचाना मुश्किल रहा है। इंटरनेट की पहुंच देने के पारंपरिक तरीकों में 'सेल्युलर टावर नेटवर्क' और 'फाइबर केबल नेटवर्क' दो ही उपाय हैं। मौजूदा वक्त में इन्हीं दोनों तरीकों से दूरसंचार कंपनियां अपने ग्राहकों तक इंटरनेट पहुंचाती हैं। इनमें इमारतों की छतों पर लगे टावरों से नजदीकी इलाकों में ब्राडबैंड सेवा दी जा सकती है। आमतौर इसकी गति धीमी होती है। इसके मुकाबले फाइबर केबल से अपेक्षाकृत तेज गति वाला इंटरनेट मिलता है। लेकिन दूरदराज और पहाड़ी रेगिस्तानी दुर्गम इलाकों में भूमिगत फाइबर केबल बिछाने या सेल्युलर टावर लगाने पर होने वाले खर्च की भरपाई तभी हो सकती है, जब उनके जरिए इंटरनेट सेवाएं लेने वालों की संख्या काफी ज्यादा हो। इसके मुकाबले दुनिया के किसी भी हिस्से तक सैटेलाइट ब्राडबैंड की सुविधा देने के लिए टावर लगाने या फाइबर केबल बिछाने की जरूरत नहीं है, हालांकि उपग्रहों का नेटवर्क कायम करने का खर्च पारंपरिक नेटवर्क के मुकाबले दस गुना ज्यादा महंगा है। इसलिए यहां असली सवाल कंपनी की लागत और उपभोक्ताओं द्वारा चुकाई जाने वाली कीमत का पैदा होता है।

फिलहाल मस्क की कंपनी ने 'लो अर्थ आर्बिट' (एलईओ) सैटेलाइट तकनीक के जरिए इंटरनेट मुहैया कराने के वास्ते अंतरिक्ष में उपग्रहों का संजाल बिछा रखा है। इन उपग्रहों से मिलने वाले संकेत को जमीन पर से घरों दफ्तरों या चलते-फिरते वाहनों तक में डिश और राउटर लगा कर आसानी से पकड़ा और तेज गति वाला इंटरनेट हासिल किया जा सकता है। फिलहाल इसे आजमाने की कीमत काफी ज्यादा है। अनुमान है कि भारत में इसके लिए ग्राहकों को साढ़े तीन से चार हजार रुपए प्रतिमाह चुकाने पड़ सकते हैं। इस आकलन का आधार पड़ोसी देश भूटान में स्टारलिंक द्वारा दी जा रही सेवाओं का गति वाले इंटरनेट: के के लिए हर महीना शुल्क है। वहां 23 एमबीपीएस की हजार नोंग्नुम (भूटानी मुद्रा) चुकाने होते हैं, जबकि 110 एमबीपीएस की गति वाले इंटरनेट कनेक्शन के लिए 4200 नोंग्नुम चुकाने होते हैं। भारतीय रुपए और भूटानी मुद्रा की कीमत लगभग एक जैसी है। इसलिए माना जा सकता है कि भारतीय उपभोक्ताओं को भी तकरीबन इतनी ही रकम चुकानी होगी ।से ही महंगी हो चुकी इंटरनेट सेवाओं से त्रस्त हमारे उपभोक्ता क्या तेज गति वाले इंटरनेट के लिए और ज्यादा रकम चुका सकते हैं? साथ ही, जिन दूरदराज और दुर्गम इलाकों में सैटेलाइट ब्राडबैंड देने की बात हो रही है, वहां की ज्यादातर जनता गरीब है। वे सामान्य इंटरनेट का खर्च उठाने की स्थिति में नहीं है।

# विनम्रता निर्बलता नहीं सफलता की प्रशस्ति का मार्ग

**संजीव ठाकुर**

जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति और सफलता के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म की प्रधानता रखकर संयम तथा मनोबल भी रखना होगा इसके अलावा मनुष्य अपनी इच्छाओं का दास ना होकर उस पर नियंत्रण रख स्वामी बनने का प्रयास करना होगा तब सोची गई सफलता आपके सामने होगी

कठिन तथा विषम परिस्थितियों में मनुष्य को अपने मनोबल को सदैव विनम्रता,संयम और साहस के साथ ऊंचा रखना चाहिए।अपने द्वारा की गई मेहनत पर विश्वास एवं निरंतरता रखनी होगी। तब जाकर ही जीवन में सफलता के पल आपके सामने आएंगे निराशा, हताशा और हीन भावना को कठोर श्रम के बलबूते पर ही विजय प्राप्त की जा सकती है

जीवन में उतार-चढ़ाव, कठिन समय और विषम परिस्थितियां आती ही रहती हैं संकट का समय विषम परिस्थितियां जीवन के अलग-अलग पहलू हैं ।इनसे जूझ कर जो मानव आगे बढ़ता है, वह उच्च मनोबल वाला साहसी व्यक्ति होता है। व्यक्ति के जीवन में साहस, उच्च मनोबल ही सफलता की कुंजी है। जिस भी व्यक्ति ने विषमताओं में रास्ता निकलने का साहस करके आगे बढ़ने का प्रयास किया है वही सफल हुआ है। हमेशा सफलता का मूल आत्मविश्वास, कठिन श्रम और उच्च आदर्श वाले व्यक्ति की प्रेरणा ही सफलता दिलाने वाली होती है।

मनुष्य को कभी भी किसी भी परिस्थिति में मन से हार नहीं माननी चाहिए। उसे सदैव प्रयासरत रहकर परिश्रम तथा जुझारू पन से हर परिस्थिति का सामना कर सदैव अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर होते रहना चाहिए। मनुष्य को अपनी हर हार, हर पराजय से कुछ ना कुछ सीख लेनी चाहिए एवं इससे अनुभव प्राप्त कर फिर से खड़ा होने एवं उस पराजित मनोदशा से छुटकारा पाकर फिर से लड़ने की ऊर्जा एवं शक्ति प्राप्त करनी चाहिए, यह सफलता का बड़ा मंत्र है। सर्वप्रथम मनुष्य अपने मनोबल से किन्हीं भी परिस्थितियों को जीतने का साहस रखता है, इसीलिए मनोबल मनुष्य की पहली आवश्यकता है। मनोबल ही साहस को जन्म देता है और साहस, आत्मबल को और आत्मबल से ही मनुष्य किन्हीं भी परिस्थितियों से जूझना एवं टकराने की क्षमता पैदा करता है। जब मनुष्य के पास खोने के लिए कुछ ना हो तो वह निश्चिंत होकर साहस, क्षमता एवं संयम से आगे बढ़ने का प्रयास करता है, क्योंकि वह जानता है की पीछे पलट कर उसके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है, शिवाय आगे बढ़ने एवं सफलता के लिए अग्रसर होने के। मनुष्य का मनोबल एवं दृढ़ प्रतिज्ञा ही मनुष्य को सदैव आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देते रहते हैं। मनुष्य के जीवन का एक तथ्य और भी अत्यंत महत्वपूर्ण है वह है सकारात्मक सोच, जो उसे हमेशा आगे बढ़ने की ओर उत्साहित करती रहती है। सकारात्मक सोच एवं किसी भी परिस्थिति को अपने नियंत्रण में लाने की सुनियोजित योजना मनुष्य में आशाओं को भर देती है एवं परिस्थितियों को चुनौती देने की क्षमता का विकास करती है। यह मनुष्य ही है जो हर परिस्थिति में साहस और मनोबल के दम पर उससे विजय प्राप्त करता है। मनुष्य के जीवन और पशु के जीवन में यही फर्क है कि मनुष्य के पास सोचने के लिए मस्तिष्क होता है और वह उसके सकारात्मक उपयोग के साथ आगे बढ़ने की क्षमता रखता है। मनुष्य मुस्कुराता, हंसता और खिलखिलाता है। जबकि पशु में मुस्कुराने हंसने की क्षमता नहीं होती, और यही कारण है कि मनुष्य ने विषम परिस्थितियों पर सदैव विजय प्राप्त करने का प्रयास किया है, वह काफी हद तक सफलता पाने में सफल भी हुआ है।

# बॉम्बे हाईकोर्ट ने कुणाल कामरा को दी बड़ी राहत, कोर्ट ने मुंबई पुलिस से किए सवाल

- बॉम्बे हाईकोर्ट ने कुणाल कामरा को गिरफ्तारी से दी राहत
- कामरा की जान को खतरे के चलते गिरफ्तारी की जरूरत नहीं
- बॉम्बे हाईकोर्ट ने पुलिस को तमिलनाडु जाकर बयान दर्ज करने की सलाह दी



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र की राजनीति में यह अहम खबर है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को लेकर विवादित गाना बनाने वाले कुणाल कामरा को बड़ी राहत दी है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा है कि कुणाल कामरा को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता। बॉम्बे हाईकोर्ट ने स्पष्ट आदेश दिया है कि अगले आदेश तक कुणाल कामरा के खिलाफ कोई गिरफ्तारी नहीं की जानी चाहिए। इसलिए यह शिंदे की शिवसेना और राज्य सरकार के लिए भी बड़ा झटका है। बताया जा रहा है कि अदालत ने स्पष्ट टिप्पणी की है कि कुणाल कामरा का बयान दर्ज करने के लिए उनकी गिरफ्तारी की जरूरत नहीं है। क्या आप कुणाल कामरा की सुरक्षा का ध्यान रखेंगे? बॉम्बे हाईकोर्ट ने यह सवाल मुंबई पुलिस से पूछा है ।कुणाल कामरा की गिरफ्तारी पर अड़ी थी पुलिसदरअसल मुंबई पुलिस कुणाल कामरा की गिरफ्तारी पर अड़ी हुई थी। कुणाल कामरा को मुंबई पुलिस ने अपना बयान दर्ज करने के लिए दो बार बुलाया था। लेकिन कुणाल कामरा पूछताछ के लिए उपस्थित नहीं हो सके। इसके बाद मुंबई की खार पुलिस कुणाल कामरा के घर गई और उनके माता-पिता से पूछताछ की। कामरा को भी पूछताछ के लिए मुंबई में उपस्थित होने के लिए बुलाया गया था।

# 'देवा भाऊ बुलडोजर चलाओ'... सोनिया और राहुल गांधी पर ईडी एक्शन के बाद एजेएल बिल्डिंग पर लगा पोस्टर

मुंबई में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने नेशनल हेराल्ड केस से जुड़े संपत्तियों पर बुलडोजर चलाने की मांग की। बीजेपी नेता विश्वबंधु राय ने बांद्रा में एजेएल बिल्डिंग के बाहर पोस्टर लगाए। पोस्टर में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से कार्रवाई करने का आग्रह किया गया। ईडी ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी को आरोपी बनाते हुए चार्जशीट दाखिल की है।




- बीजेपी समर्थकों ने सोनिया-राहुल की संपत्तियों पर बुलडोजर कार्रवाई की मांग की
- ईडी ने नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया-राहुल को आरोपी बनाया है
- मामले की अगली सुनवाई 25 अप्रैल को होगी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः मुंबई में बीजेपी समर्थकों ने नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की चार्जशीट के बाद संपत्तियों पर 'बुलडोजर कार्रवाई' की मांग की है। बीजेपी नेता विश्वबंधु राय ने बांद्रा में एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड बिल्डिंग के बाहर पोस्टर लगाकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से संबंधित संपत्तियों को गिराने का आग्रह किया। पोस्टर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री फडणवीस और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीरें हैं। इस पर नारा लिखा है कि देवा भाऊ, बुलडोजर चलाओ।

## ईडी ने सोनिया-राहुल को बनाया आरोपी

दरअसल ईडी ने सोनिया और राहुल गांधी को नेशनल हेराल्ड मामले में आरोपी बनाया है। कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा और सुमन दुबे के नाम भी चार्जशीट में हैं। ईडी ने सोनिया और राहुल गांधी से जुड़ी एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड की 700 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियां जब्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ऐसे में बीजेपी के कुछ समर्थक चाहते हैं कि इस मामले में शामिल लोगों की संपत्तियों पर बुलडोजर चलाया जाए। उनका कहना है कि जिन लोगों ने गलत काम किया है। उनकी संपत्तियों को सरकार को जब्त कर लेना चाहिए।

## क्या है मामला?

यह मामला नेशनल हेराल्ड नाम के एक अखबार से जुड़ा है। इस अखबार को एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड नाम की एक कंपनी चलाती थी। सोनिया गांधी और राहुल गांधी इस कंपनी में बड़े शेयरधारक हैं। आरोप है कि इस कंपनी ने गलत तरीके से पैसे कमाए हैं। ईडी इस मामले की जांच कर रही है। ईडी ने पहले ही सोनिया गांधी और राहुल गांधी से जुड़ी 700 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्तियां जब्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# द यश मंगलम शो की नवीनतम कड़ी शिल्पकार भारत रत्न बाबासाहेब अम्बेडकर को समर्पित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, 16 अप्रैल। विश्व कविता दिवस के अवसर पर पिछले दिनों जारी विशेष काव्यात्मक वीडियो धरोहर - ए पोएटिक सागा ऑफ भारत की निरंतर सफलता के बाद अब द यश मंगलम शो की नवीनतम कड़ी शिल्पकार भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विलक्षण व्यक्तित्व को समर्पित की गई है। एक अनूठी सृजनात्मक पहल के अंतर्गत वाइब्रेशन मीडिया वर्क्स, मुंबई द्वारा नवसृजित यह अद्भुत वीडियो एलबम शिल्पकार पूरी दुनिया में बेहद लोकप्रिय हो चुके सोशल मीडिया के सबसे सशक्त प्लेटफॉर्म यू-ट्यूब पर एक सुरुचिपूर्ण चैनल द यश मंगलम शो-2025' के अंतर्गत अपलोड किया गया है, जो अपने अलहदा कंटेंट और प्रस्तुतीकरण के अनूठे अंदाज के लिए काफी लोकप्रिय है और व्यापक तौर पर सराहा जाता रहा है। इस शो के प्रस्तुतकर्ता यश मंगलम की उम्र सिर्फ. 14 साल है और इतनी कम आयु में उनकी असरदार आवाज और पेशकश की शैली सभी दर्शकों को सम्मोहित करती है। यश देश के जाने-माने फिल्म एवं संगीत वीडियो निर्देशक तथा एडिटर अनुपम मंगलम और मशहूर कॉस्ट्यूम डिजाइनर कला मंगलम के सुपुत्र हैं। इसलिए यश को सृजनशीलता की दौलत पारिवारिक विरासत में मिली है। इस नवसृजित एलबम के प्रोड्यूसर बॉलीवुड के सुप्रसिद्ध फिल्मकार फुरकान कुरैशी हैं, जिन्होंने एसोसिएट प्रोड्यूसर के रूप में गदर-2, वनवास, अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों, अपने और द हीरो जैसी सुपरहिट फिल्मों में अद्भुत कामयाबी हासिल की है। वीडियो का कुशल निर्देशन एवं सटीक एडिटिंग मशहूर निर्देशक अनुपम मंगलम ने की है तथा भावपूर्ण संगीत समीर पाखले ने दिया है। इस विशेष वीडियो का हृदयस्पर्शी लेखन मुंबई के सुपरिचित गीतकार, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी के कार्यकारी सदस्य तथा मीडिया एवं जनसमपर्क सलाहकार गजानन महतपुरकर ने किया है, जिसमें भारतरत्न बाबा साहेब अम्बेडकर के जन्म से लेकर उनके सम्पूर्ण जीवन के विभिन्न पहलुओं को बखूबी पिरोया गया है। उल्लेखनीय है कि गजानन महतपुरकर के लिखे चार वीडियो दुनिया को पहचान ले बेटा, श्रीराम मंगलगान, कमळ फुलणार और धरोहर - ए पोएटिक सागा ऑफ भारत पहले ही यू-ट्यूब पर धूम मचा चुके हैं। इसी क्रम में अब नवीनतम वीडियो शिल्पकार के जरिये गजानन महतपुरकर की लेखनी और अनुपम मंगलम के निर्देशन का कमाल यू-ट्यूब पर काफी लोकप्रिय हो रहा है। इस नवसृजित वीडियो में वीडियोग्राफी संजय वैष्णव, वी एफ एक्स संयोजन गिनीलाल सालुंके और कॉस्ट्यूम डिजाइनिंग कला मंगलम द्वारा सुनिश्चित की गई है। पोस्ट प्रोडक्शन वाइब्रेशन्स मीडिया वर्क्स, मुंबई ने किया है। 14 अप्रैल, 2025 को अम्बेडकर जयंती के अवसर पर जारी इस विशेष वीडियो को सोशल मीडिया पर काफी अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है और इसकी विलक्षण गुणवत्ता को बड़े पैमाने पर सराहा जा रहा है। भारतीय संविधान के निमार्ता डॉ. बी.आर. अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और उपलब्धियों का जशन मनाने वाली एक प्रेरणादायक बायोपिक के रूप में यह सशक्त कहानी




एक दूरदर्शी व्यक्ति की यात्रा पर बखूबी प्रकाश डालती है, जिन्होंने शिक्षित करो, संगठित हो जाओ और आंदोलन करो.. ! के अपने आदर्श संदेश के साथ भारतीय समाज कुशल नेतृत्व किया। इस वीडियो की अंतिम पंक्तियां कुछ इस तरह रची गई हैं :- ह्यछुआछूत और भेदभाव के खि?लाफ झंडा लहराया था, दलितों के मसीहा बनकर न्याय सभी को दिलवाया था, आपके व्यक्तित्व में घुला, अनूठे हुनर का चंदन है.. ! बाबासाहेब नमन आपको, हर भारतीय का वंदन है.. ! हे संविधान के शिल्पकार, आपका हार्दिक अभिनंदन है.. !यह विशेष वीडियो इस यू-ट्यूब लिंक पर देखा जा सकता है :-

# पश्चिम रेलवे के 70वें रेल सप्ताह पुरस्कार समारोह में दिखी कार्यकुशलता और उत्कृष्टता की झलक

- महाप्रबंधक ने विभिन्न श्रेणियों में मडलों/इकाइयों को 26 कार्यकुशलता शील्ड प्रदान की
- अहमदाबाद मंडल को मिली महाप्रबंधक की प्रतिष्ठित समग्र कार्यकुशलता शील्ड
- राजकोट मंडल को बेस्ट इंप्रूवमेंट शील्ड प्रदान की गई




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे के 70वें रेल सप्ताह पुरस्कार समारोह का आयोजन बुधवार, 16 अप्रैल, 2025 को नरीमन पॉइंट स्थित यशवंतराव चव्हाण ऑडिटोरियम में किया गया। यह पुरस्कार समारोह प्रति वर्ष पश्चिम रेलवे के अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम की कड़ी मेहनत और समर्पण को सम्मानित करने के लिए आयोजित किया जाता है, जो हमेशा चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहते हैं। रेल सप्ताह के दौरान विभिन्न श्रेणियों में मंडलों/इकाइयों को कार्यकुशलता शील्डें प्रदान की जाती हैं। इस महत्वपूर्ण अवसर पर महाप्रबंधक श्री अशोक कुमार मिश्र उन मंडलों और इकाइयों को प्रतिष्ठित महाप्रबंधक की समग्र कार्यकुशलता शील्ड सहित 26 कार्यकुशलता शील्डें प्रदान कीं, जिन्हें वर्ष 2024-25 के लिए विभिन्न क्षेत्रों में सबसे कुशल पाया गया। अहमदाबाद मंडल ने सर्वश्रेष्ठ समग्र कार्य-निष्पादन के लिए वर्ष 2024-25 के लिए महाप्रबंधक की समग्र कार्यकुशलता शील्ड हासिल की। बेस्ट इंप्रूवमेंट शील्ड राजकोट मंडल को प्रदान की गई। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मुंबई सेंट्रल मंडल ने ट्रैक्शन, पर्यावरण और हाउसकीपिंग मैनेजमेंट , मेडिकल और सेफ्टी शील्ड जीती। रोलिंग स्टॉक शील्ड वडोदरा और मुंबई सेंट्रल मंडलों द्वारा संयुक्त रूप से मिली, जबकि ऑपरेटिंग शील्ड मुंबई सेंट्रल और अहमदाबाद डिवीजनों द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान की गई। मुंबई सेंट्रल डिपो ने ट्रेन संख?या 12953/54 अगस्त क्रांति राजधानी एक्सप्रेस के लिए सर्वश्रेष्ठ रखरखाव वाली मेल/एक्सप्रेस ट्रेन की शील्ड जीती। मुंबई सेंट्रल मंडल की लोअर परेल वर्कशॉप और रतलाम मंडल की दाहोद वर्कशॉप सर्वश्रेष्ठ वर्कशॉप शील्ड (मैकेनिकल) की संयुक्त विजेता होने का गौरव प्राप्त हुआ ।श्री विनीत ने आगे बताया कि वडोदरा मंडल ने सर्वश्रेष्ठ लोडिंग प्रयास और स्क्रैप मोबिलाइजेशन शील्ड जीती। सिविल इंजीनियरिंग शील्ड वडोदरा और अहमदाबाद मंडलों को संयुक्त रूप से प्रदान की गई। अहमदाबाद मंडल को वाणिज्य, सुरक्षा शील्ड के साथ-साथ लेवल क्रॉसिंग (सिविल इंजीनियरिंग) के उन्मूलन की दिशा में सर्वश्रेष्ठ सड़क सुरक्षा कार्य-निष्पादन के लिए अंतर मंडलीय शील्ड प्रदान की गई। सर्वेक्षण और निर्माण शील्ड अहमदाबाद और रतलाम मंडलों को संयुक्त रूप से प्रदान की गई।

उज्जैन (रतलाम मंडल) के रनिंग रूम को सर्वश्रेष्ठ रखरखाव वाले रनिंग रूम के रूप में चुना गया। रतलाम मंडल ने स्टोर शील्ड (दाहोद जिला), लेखा, राजभाषा, सिगनल और दूरसंचार शील्ड के साथ-साथ ट्रैक मशीनों (सिविल इंजीनियरिंग) के लिए अंतर मंडल शील्ड जीती ।कार्मिक शील्ड भावनगर और राजकोट मंडलों को संयुक्त रूप प्रदान की गई, जबकि ऊर्जा दक्षता शील्ड और रेल मदद शील्ड राजकोट मंडल ने हासिल की। श्री अशोक कुमार मिश्र द्वारा संबंधित मंडल रेल प्रबंधकों, मुख्य निर्माण प्रबंधकों और डिपो प्रभारियों को शील्ड प्रदान की गईं ।इस अवसर पर पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती क्षमा मिश्र, पश्चिम रेलवे के अपर महाप्रबंधक सहित प्रमुख विभागाध्यक्ष और वरिष्ठ रेल अधिकारी उपस्थित थे। अपने संबोधन में श्री मिश्र ने 70वें रेल सप्ताह के अवसर पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पश्चिम रेलवे ने कई चुनौतियों के बावजूद अनेक उपलब्धियाँ हासिल की। उन्होंने वर्ष 2024-25 में पश्चिम रेलवे की विभिन्न उपलब्धियों का भी उल्लेख किया और कर्मचारियों को संगठनात्मक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गये। कार्यक्रम के आरंभ में पश्चिम रेलवे की प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी ने अतिथियों का स्वागत किया तथा उप महाप्रबंधक (सामान्य) ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अमित शाह को हमें शिवाजी महाराज के बारे में नहीं बताना चाहिए, उद्धव ठाकरे की दो टूक- मरते दम तक हिंदुत्व को नहीं छोड़ूंगा

- उद्धव ठाकरे ने कहा कि चार दिन पहले अमित शाह रायगढ़ आए थे और एक बार उनका जिक्र करते हुए कहा था, शिवाजी महाराज को महाराष्ट्र तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए। लेकिन जब शिवाजी महाराज ने सूरत को लूटा तो इसकी खबर लंदन गजट में छपी। इसलिए अमित शाह को हमें शिवाजी के बारे में नहीं बताना चाहिए।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने नासिक में एक पार्टी कार्यक्रम में कहा कि मुंबई को लूटा जा रहा है, सब कुछ गुजरात ले जाया जा रहा है। उद्धव ठाकरे की महाराष्ट्र सरकार से मांग करते हुए कहा कि राज्यपाल का निवास कहीं और स्थानांतरित किया जाए, मुंबई स्थित राजभवन को शिवाजी महाराज के स्मारक में तब्दील किया जाए। उद्धव ठाकरे ने कहा कि मैंने भाजपा से रास्ता अलग किया है, मरते दम तक हिंदुत्व को नहीं छोड़ूंगा। उद्धव ठाकरे ने शिवसेना (यूबीटी) के कार्यक्रम में कहा कि मैं भाजपा द्वारा हिंदुत्व के स्वरूप में की जा रही छेड़छाड़ को स्वीकार नहीं करूंगा। उद्धव ठाकरे ने कहा कि शिवसेना के बिना भाजपा अयोध्या में राम मंदिर बनाने की स्थिति में नहीं पहुंच पाती। उद्धव ठाकरे ने कहा कि चार दिन पहले अमित शाह रायगढ़ आए थे और एक बार उनका जिक्र करते हुए कहा था, शिवाजी महाराज को महाराष्ट्र तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए। लेकिन जब शिवाजी महाराज ने सूरत को लूटा तो इसकी खबर लंदन गजट में छपी। इसलिए अमित शाह को हमें शिवाजी के बारे में नहीं बताना चाहिए। उद्धव ठाकरे ने भाजपा को चुनौती दी कि यदि वे शिवाजी महाराज के बारे में इतना ही सोचते हैं तो वे शिव जयंती पर पूरे देश में सार्वजनिक अवकाश घोषित करें। शिवाजी महाराज के प्रति भाजपा के रुख को पाखंडपूर्ण बताते हुए उद्धव ठाकरे ने पूछा कि अरब सागर में शिव स्मारक कब बनाया जाएगा।

# भारतीय रेल के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में अनूठे डाक टिकटों की खास प्रदर्शनी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

जबलपुर । पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक कार्यालय में प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री प्रभात के मार्गदर्शन में भारतीय रेल के स्थापना दिवस के अवसर पर अनूठे डाक टिकटों की एक खास प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में डाक टिकट संग्रहकर्ता श्री अरविन्द मलिक द्वारा सन् 1853 से अभी तक के भारतीय रेल से संबंधित डाक टिकटों की प्रदर्शनी लगाई गई। यह आयोजन मुख्य कार्मिक अधिकारी (प्रशासन) श्री एस डी पाटीदार के निर्देशन एवं मुख्य कार्मिक अधिकारी (आईआर) श्री अजय कुमार दीक्षित के संरक्षण में किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (मुख्यालय) द्वारा किया गया। इस प्रदर्शनी में भारतीय रेल द्वारा अर्जित विशेष उपलब्धियों के अवसर पर जारी डाक टिकटों का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा। इनमें पहली यात्री रेल, विद्युत कर्षण के 75 गौरवपूर्ण वर्ष, भारतीय रेल के 150 वर्ष पूर्ण होने पर जारी डाक टिकट प्रमुख




रूप से शामिल हैं। इस प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अवलोकन किया ।कार्यक्रम में उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (आईआर) श्री संजय कुमार, सहायक कार्मिक अधिकारी (कल्याण) श्री अभय कुमार गुप्ता एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# भारी बवाल के बीच नासिक में अवैध दरगाह पर चला बुलडोजर, पुलिस पर पथराव, 21 घायल

पुलिस का कहना है कि निवासियों और ट्रस्टियों ने खुद ही दरगाह को हटाने का फैसला किया था और कल देर रात वे इसके लिए एकत्र हुए थे, तभी भीड़ ने उन पर हमला कर दिया। हमले के दौरान पथराव में 21 पुलिसकर्मी घायल हो गए।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

नासिक नगर निगम ने आज सुबह नासिक में सात पीर बाबा दरगाह को ध्वस्त कर दिया। बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए दरगाह को अनधिकृत पाते हुए इसे हटाने के आदेश जारी किए थे। पुलिस का कहना है कि निवासियों और ट्रस्टियों ने खुद ही दरगाह को हटाने का फैसला किया था और कल देर रात वे इसके लिए एकत्र हुए थे, तभी भीड़ ने उन पर हमला कर दिया। हमले के दौरान पथराव में 21 पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसूगैस के गोले दागे। हिंसा के सिलसिले में अब तक 22 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है ।नासिक नगर निगम द्वारा यह तोड़फोड़ अभियान चलाया गया। 40 कर्मियों वाली नगर निगम टीम के साथ चार जेसीबी, आठ डंपर और सात वाहन थे। पुलिस उपायुक्त किरण चव्हाण के अनुसार, ₹अवैध संरचना को हटाने के लिए एक टीम पहुंची थी। हालांकि, भीड़ ने विरोध करना शुरू कर दिया।

## लाडकी बहिन योजना में महिलाओं को अब 500 रुपये

मुंबई : महाराष्ट्र की राजनीति में मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना को लेकर फिर से माहौल गरमा गया है। इसकी वजह भी वैसी ही है। विधानसभा चुनाव के समय तत्कालीन महायुति सरकार ने लाडकी बहिन योजना की घोषणा की थी। इस योजना के तहत लगभग 2 करोड़ महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये की आर्थिक मदद दी जा रही थी। चुनाव के दौरान महायुति के नेताओं ने वादा किया

## पारिवारिक कलह में मां-बेटी ने खाया जहर

बडौत, उत्तर प्रदेश के बड़ौत में बिजरौल गांव में एक पारिवारिक विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। 24 वर्षीय पिंकी और उसकी डेढ़ वर्षीय बेटी दिव्यांशी को जहर मिला।

**पश्चिम रेलवे**
शुद्धिपत्र

**निविदा सूचना संख्याः** बीसीटी/25-26/1, **दिनांकः** 01.04.2025, जो 24.04.2025 को खुलने वाली थी, में संशोधन किया गया है, जो इस प्रकार है। विद्यमानः सीसीजी वीआर अनुभागः सीनियर डीईएन (एस) अनुभाग के अंतर्गत विभिन्न मशीनरी लगाकर भूमिगत वर्षा जल निकासी की सफाई और पूर्ण सफाई।इसे इस प्रकार पढ़ा जा सकता हैः सीसीजी वीआर अनुभागः सीनियर डीईएन (एस) अनुभाग के अंतर्गत रेलवे के लिए रीसाइक्लिंग सुविधा के साथ वाहन पर लगे उच्च क्षमता वाले सक्शन कम जेटिंग मशीन को लगाकर भूमिगत वर्षा जल निकासी की सफाई और पूर्ण सफाई।अन्य नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।
0054
facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**
विद्युत कार्य

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (डब्ल्यू), पश्चिम रेलवे कैरिज रिपेयर वर्कशॉप, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई 400013, **ई-निविदा सूचना क्रमांकः** ईएल/डब्यूए/पीएल/2024-25/47आर आमंत्रित करता है। **दिनांकः** 12.04.2025। **स्थान के साथ कार्य का नामः** पुराने कम्पोजिट पेंट्री उपकरणों की स्ट्रिपिंग के साथ कम्पोजिट पेंट्री उपकरणों का प्रावधान और कार्य के दायरे और दरों की अनुसूची के अनुसार कैरिज रिपेयर वर्कशॉप में एलएचबी राजधानी कोच पर नई कम्पोजिट पेंट्री की डिजाइन, आपूर्ति, फिटमेंट, परीक्षण और कमीशनिंग। **कार्य की लगभग लागतः** 64,22,436.44। **ईएमडीः** 1,28,500/-। **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समयः** 06.05.2025, 12:00 बजे तक। **निविदा खोलने की अंतिम तिथि और समयः** 06.05.2025 को 12:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ
0048
facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**
भुसावल मंडल
**ई-निविदा सूचना**

भारत के महामाहिम राष्ट्रपति हेतु सीनियर डिवीज़नल बिजली इंजीनियर (क.वि.) मध्य रेल, भुसावल द्वारा निम्न लिखित कार्य हेतु डीजीटेली हस्ताक्षरित ऑनलाइन ओपन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **टेंडर नोटिस न.: भुसावल_ईलेक्ट_टीआरडी_30_2025 दिनांक: 15/04/2025. कार्य का नाम:** मध्य रेल भुसावल मंडल के, भुसावल-बडनेरा और भुसावल-खंडवा-ट्रैक के किनारे सुरक्षा बाड़ लगाने के लिए अर्थिंग और बॉन्डिंग का प्रवधान। **कार्य की लागत:** ₹ 2,75,26,450.00. **बयाना राशि:** ₹ 2,87,600.00. **निविदा जमा करने की अंतिम तारीख, समय: 09.05.2025** upto **15.00 hrs. अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाइट का पता: www.ireps.gov.in**
AK/BSL-03
अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

# अब शनिवार 3 मई 2025 को आईआरसीटीसी, भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन द्वारा - हरिद्वार, ऋषिकेश, अमृतसर, वैष्णोदेवी, कटरा, मथुरा, वृन्दावन और आगरा की सैर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

आईआरसीटीसी भारत सरकार की एक भारत श्रेष्ठ भारत और देखो अपना देश पहल के अनुरूप और देश में घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यह विशेष पर्यटक ट्रेन पैकेज शुरू कर रहा है। टूर पैकेज भारतीय रेलवे द्वारा भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन पर संचालित प्रमुख आध्यात्मिक टूर पैकेजों में से एक है। 09 रातों और 10 दिनों की धार्मिक यात्रा, जो लगभग 5000 किलोमीटर की दूरी तय करती है, पर्यटकों को जीवन में एक बार की यात्रा पर ले जाएगी, जिसमें जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण धार्मिक और ऐतिहासिक स्थान शामिल हैं।

आईआरसीटीसी अपनी विशेष और आधुनिकतम मिश्रित एसी/नॉन एसी टूरिस्ट ट्रेन में ऐतिहासिक और धार्मिक यात्रा का लाभ उठाने के लिए आपका स्वागत करता है। खूबसूरत एलएचबी ट्रेन में कोच में आधुनिक रसोई सहित कई अद्भुत विशेषताएं हैं। ट्रेन में प्रत्येक कोच के लिए सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षा गार्ड की उन्नत सुरक्षा विशेषताएं हैं।

बहुप्रतीक्षित ट्रेन टूर उत्तर भारत देवभूमि गुरु



कृपा के साथ शनिवार 3 मई 2025 (गुरुवार) को पुणे रेलवे स्टेशन से 09 रातों/10 दिनों की यात्रा कार्यक्रम के साथ रवाना होने के लिए तैयार है।

भारतीय रेलवे ने भारत सरकार के देखो अपना देश और एक भारत श्रेष्ठ भारत के दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन चलाने की पहल की है।

आईआरसीटीसी की विशेष यात्रा पेशकश गुरु कृपा के साथ उत्तर भारत देवभूमि यात्रा हरिद्वार, ऋषिकेश, अमृतसर, वैष्णोदेवी, कटरा, मथुरा, वृन्दावन और आगरा को कवर करेगा और वापस पुणे को कवर करेगा।

गंतव्य और यात्रा कवरः
हरिद्वारः हृषिकेश, हर की पौड़ी, गंगा आरती
अमृतसरः स्वर्ण मंदिर, बाघा बॉर्डर
कटरा : माता वैष्णोदेवी दर्शन
मथुराः कृष्ण जन्मभूमि, वृंदावन
आगराः ताज महल.

इकोनॉमी स्लीपर, कम्फर्ट 3एसी और कम्फर्ट 2एसी क्लास वाली पर्यटक ट्रेन में कुल 750 पर्यटक बैठ सकेंगे।

पर्यटक इस पर्यटक ट्रेन में पुणे-लोनवाला-कर्जत-कल्याण-वसई रोड-वापी-भेस्थान (सूरत)-वडोदरा रेलवे स्टेशन पर भी चढ़/उतर सकते हैं।

आईआरसीटीसी ने सभी समावेशी पैकेजों की आकर्षक कीमत इस प्रकार रखी है
इकोनॉमी क्लास (एसएल): 18230/-
कम्फर्ट क्लास (3एसी): 33880/-
कम्फर्ट क्लास (2एसी): 41530/-

इस टूर पैकेज में एसी/नॉन एसी क्लास में आरामदायक ट्रेन यात्रा, डबल/ट्रिपल/क्वाड शेयर पर एसी/नॉन एसी बजट होटलों में रात्रि विश्राम, सभी भोजन (जहाज पर और जहाज से बाहर): सुबह की चाय, नाश्ता, दोपहर का भोजन, चाय/कॉफी और रात का खाना (केवल शाकाहारी भोजन), एसी/नॉन एसी वाहनों में सभी स्थानान्तरण और दर्शनीय स्थलों की सैर, यात्रा बीमा और IRCTC टूर मैनेजरों की सेवाएँ आदि शामिल हैं।

आईआरसीटीसी टूर के दौरान पर्यटकों को सुरक्षित और स्वस्थ यात्रा प्रदान करके सभी आवश्यक स्वास्थ्य सावधानियों का भी ध्यान रख रहा है।

अधिक जानकारी के लिए आप IRCTC की वेबसाइट https:// www. irctctourism. comपर जा सकते हैं और वेब पोर्टल पर पहले आओ पहले पाओ के आधार पर ऑनलाइन बुकिंग उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए आप मोबाइल नंबर 8287931886 पर संपर्क कर सकते हैं।

दिनांक 16/4/2025
पीआर संख्या 2025/4/2
यह प्रेस विज्ञप्ति आईआरसीटीसी पश्चिम क्षेत्र मुंबई के जनसंपर्क प्रकोष्ठ द्वारा जारी की गई है

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

No.Asstt.Eng./K-East/684 /SWM dtd. 16.04.2025

लघु ई-निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| विभाग | सहायक आयुक्त के/पूर्व |
| महा टेंडर नं | 2025 MCGM 1170979 |
| विषय | के/ईस्ट वार्ड में विभिन्न स्थानों पर सड़कों और संग्रहण स्थल पर पड़े अनावश्यक सामानों के संग्रहण और परिवहन के लिए जेसीबी और डम्पर किराये पर लिए जाएंगे। |
| निविदा की बिक्री | From 17/04/2025 समय 11.00 बजे<br>To 25/04/2025 समय 04.00 बजे |
| वेबसाइट | https://mahatenders.gov.in |
| संचार अधिकारीः | AE (SWM) K/E, SE (SWM) K/E, |
| नाम | श्री जीतेन्द्र पाटिल (AE (SWM) K/E)-9757019177<br>श्री जयकिसन चिली (SE (SWM) K/E) -8766452477 |
| टेलीफोन नंबर | 022-26816730 |
| ई-मेल पता | ae01swm.ke@mcgm.gov.in |

पीआरओ/135/विज्ञा0/2025-26

एसडी/-
सहायक अभियंता (एसडब्यूएम)के/ई वार्ड

भोजन से पूर्व एवं शौच के बाद साबुन से हाथ अवश्य धोएं

# अंबरनाथ में 20 अप्रैल को होगा 9 वें अंबरनाथ मराठी फिल्म महोत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन

**20 अप्रैल को अटल उद्यान में मराठी सिनेमा और टेलीविजन के कलाकारों का लगेगा मेला।**

**अम्बर भरारी, अखिल भारतीय मराठी चित्रपट महामंडल, डॉ. श्रीकांत शिंदे फाउंडेशन द्वारा आयोजन।**

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**




अंबरनाथः प्राचीन शिवमन्दिर के लिए विख्यात औद्योगिक नगरी अंबरनाथ में एक बार फिर मराठी सिने जगत के कलाकारों का भव्य जमावड़ा लगने जा रहा है। अंबर भरारी, अखिल भारतीय फिल्म निगम और डॉ.श्रीकांत शिंदे फाउंडेशन द्वारा आयोजित 9 वें अंबरनाथ मराठी फिल्म महोत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह आगामी 20 अप्रैल को अंबरनाथ पूर्व के अटल उद्यान में आयोजित किया जा रहा है। अंबर भरारी के संस्थापक और पूर्व नगराध्यक्ष सुनील चौधरी ने पत्रकार परिषद के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि इस समारोह में मराठी सिनेमा जगत के प्रसिद्ध कलाकार शामिल होंगे और सिने जगत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कलाकारों को पुरस्कृत किया जाएगा।अंबरनाथ शहर की एक समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है।इस धरती पर कई प्रसिद्ध कलाकारों का जन्म हुआ है।इस विरासत को आगे बढ़ाने और अंबरनाथ का नाम देश विदेश में फैलाने के उद्देश्य से 9 साल पहले अंबरनाथ मराठी फिल्म महोत्सव की शुरूआत की गई थी। विगत 9 वर्षों में कई दिग्गज कलाकारों को इस आयोजन के माध्यम से सम्मानित किया गया है। इसी क्रम में इस वर्ष भी अंबरनाथ मराठी चित्रपट महोत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह 20 अप्रैल को सूर्योदय ऑडिटोरियम के पास अटल उद्यान में दिग्गज अभिनेताओं की उपस्थिति में आयोजित किया जाएगा।उक्त जानकारी रोटेरियन गुणवंत खिरोड़िया, रोटेरियन दत्ता घावट और डॉ.गणेश राठौर ने प्रदान की है।

अंबरनाथ मराठी चित्रपट महोत्सव में शामिल होने वाले मराठी सिने जगत के कलाकारों में प्रमुख हैं- अंकुश चौधरी, गुरु ठाकुर, स्मिता जयकर, प्रसाद ओक, अजय अतुल, गणेश यादव, स्मिता तांबे, वैशाली सामंत, शिवानी सुर्वे, स्मिता गोंदकर, स्वप्निल जोशी, मकरंद आनासपुरे, विजय पाटकर, सागर कारंडे, गौरव मोरे, भार्गवी चिरमुले, प्रथमेश परब आदि। पूर्व नगराध्यक्ष और अंबरनाथ मराठी चित्रपट महोत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह के आयोजक सुनील चौधरी और युवा शिवसैनिक निखिल चौधरी ने सभी अंबरनाथ वासियों से अपील की है कि इस चित्रपट महोत्सव को सफल बनाने के लिए अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं और अंबरनाथ का नाम देश विदेश में पहुंचाने के लिए अपना सहयोग प्रदान करें।

**अंबरनाथ मराठी चित्रपट महोत्सव : पुरस्कृत व्यक्तित्व और फिल्म**

- **सर्वश्रेष्ठ फिल्म – महाराष्ट्र शाहीर**
- **सर्वश्रेष्ठ महिला निर्देशक – कंचन अधिकारी**
- **सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय अभिनेता– मकरंद आनासपुरे**
- **सर्वोत्कृष्ट लक्ष्यभेदी अभिनेता– मकरंद पाध्ये**
- **जीवन गौरव पुरस्कार – अभिनेत्री सुहास जोशी**
- **फिल्म लेखक साहित्य पुरस्कार– अनिल कालेलकर**
- **सिने पत्रकारिता गौरव पुरस्कार – मंदार जोशी**
- **तंत्र गौरव पुरस्कार –विजय खोचीकर**

## फास्ट ट्रैक

# मंडी में पानी की व्यवस्था नहीं, दुकानें जलीं

**जलालाबाद कृषि मंडी में दो सब्जी आढ़तियों को 10 लाख का नुकसान**

शाहजहांपुर, जलालाबाद कृषि उत्पादन मंडी समिति में बुधवार को भीषण आग लग गई। दो सब्जी आढ़तियों की दुकानें पूरी तरह जल गईं। इस हादसे में करीब 10 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। आढ़ती सतीश कुमार और शेरू दोपहर दो बजे अपनी दुकानें बंद करके घर गए थे। इसी दौरान दुकानों में आग लग गई। दुकानों में रखा इलेक्ट्रॉनिक कांटा और सभी सब्जियां जलकर राख हो गईं। महत्वपूर्ण रजिस्टर भी आग की चपेट में आ गए। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। अग्निशमन दल के पहुंचने से पहले ही दुकानें जल चुकी थीं। दुकानदारों का आरोप है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने आग लगाई है। मंडी में पानी की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण आग पर समय पर काबू नहीं पाया जा सका। आढ़तियों के अनुसार मंडी में पीने के पानी की भी किल्लत बनी रहती है।



# जिलाधिकारी बोले-डुंडा गांव को बनाएंगे आदर्श ग्राम

**जन चौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, खराब खड़ंजा निर्माण पर जताई नाराजगी**

शाहजहांपुर , पुवायां ब्लॉक स्थित गांव डुंडा में जन चौपाल का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण किया। खड़ंजा निर्माण में घटिया सामग्री के प्रयोग पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण खड़ंजा लगाने के आदेश दिए। पुवाया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति की भी समीक्षा की गई। प्रभारी डॉ. नरेंद्र पाल से प्रसव सुविधाओं, गर्भवती महिलाओं के निःशुल्क अल्ट्रासाउंड और दैनिक ओपीडी के बारे में जानकारी ली। आशा कार्यकर्ताओं से संचारी रोगों की रोकथाम पर चर्चा की। जिलाधिकारी ने युवाओं के लिए सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। 21 से 40 वर्ष के बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार के लिए 5 लाख रुपए तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। डुंडा गांव को आदर्श ग्राम बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। गांव में एक ही स्थान पर सभी ऑनलाइन सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, एसडीएम चित्रा निर्वाल, विधायक चेतराम, एमएलसी सुधीर गुप्ता, जिला अध्यक्ष के.सी. मिश्रा, जेपीएस राठौर और पूर्व विधायक शकुंतला देवी सहित अन्य अधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# भारतीय रेल नेटवर्क की 172 वीं सालगिरह पर वालधुनी नदी के उद्गम स्थान पर लगा रेलवे स्थानक बोर्ड

**16 अप्रैल 1853 ई. को बोरीबंदर से ठाणे के मध्य चली थी पहली ट्रेन।**

**भारत की पहली ट्रेन संचालन में वालधुनी नदी के योगदान को मिली पहचान, लगाया गया स्थानक बोर्ड।**

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



अंबरनाथ. भारतीय रेल नेटवर्क 16 अप्रैल को अपनी स्थापना की 172 वीं सालगिरह मना रहा है। भारत में रेल नेटवर्क के विकास में ब्रिटिश गवर्नर जनरल लार्ड डलहौजी का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने भारत में 1848 से 1856 तक के कार्यकाल में ही रेलों के विकास पर ध्यान दिया था। इन्हीं के कार्यकाल में भारतीय रेलवे की शुरूआत हुई और पहली ट्रेन 18 वीं शताब्दी में 16 अप्रैल 1853 ई. को मुंबई के बोरीबंदर( छत्रपति शिवाजी टर्मिनस ) से ठाणे के मध्य चलाई गई थी। 14 डिब्बों वाली इस ट्रेन ने अपने पहले सफर में 400 यात्रियों को लेकर लगभग 34 किमी का लंबा सफर तय किया था। इस ट्रेन का नाम ग्रेट इंडियन पेनिनसुला रेल्वे था और इस ट्रेन को खींचने में तीन भाप के इंजनों का प्रयोग हुआ था जिनके नाम थे साहिब, सिंध और सुल्तान। यह ट्रेन अपने प्रारंभिक स्थान बोरीबंदर से दोपहर 03:30 पर चली थी और अपने गंतव्य स्थान ठाणे 04:45 पर पहुंची थी। इन इंजनों को पानी देने के लिये अम्बरनाथ के काकोळे ग्राम स्थित वालधुनी नदी के जी.आई.पी.आर. डैम (ग्रेट इंडियन पेनिनसुलर रेल्वे डेम ) का प्रयोग किया जाता था। अर्थात भारतीय रेल के इतिहास में वालधुनी नदी का नाम भी अमर हो गया है। वालधुनी नदी के उद्गम स्थान काकोळे ग्राम में आज 172 साल बाद वालधुनी नदी के उद्गम स्थान पर द ग्रेट इंडियन पेनिनसुला रेल्वे डैम का बोर्ड लगाया गया। जहां पर वर्तमान में रेलनीर का प्लांट भी है। भारतीय रेल नेटवर्क के विकास के साथ साथ आज इसकी 172वीं सालगिरह को मनाते हुये भी हम वालधुनी नदी के योगदान और महत्व को नहीं भूल सकते।

# भागवत कथा के तीसरे दिन ध्रुव चरित्र का वर्णन

**महाराज ने सुनाई वामन अवतार और राजा बलि की कथा**

रायबरेली, लालगंज क्षेत्र में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। ऐहार गांव स्थित प्रसिद्ध बालेश्वर महादेव शिव मंदिर के पास ऋषि आश्रम में कथा का आयोजन किया गया है। कथा के तीसरे दिन कथावाचक पंडित झिलमिल महाराज ने ध्रुव चरित्र का प्रसंग सुनाया। उन्होंने वामन अवतार और राजा बलि की कथा का भी वर्णन किया। इसके साथ ही प्रभु श्री राम के जन्म, हर्निया कश्यप और प्रहलाद का प्रसंग भी सुनाया। भगवान शंकर के अयोध्या आगमन की कथा का मार्मिक वर्णन भी किया गया। कथा श्रवण के दौरान उपस्थित सभी श्रोता भाव विभोर हो गए। कार्यक्रम में कीर्ति मनोहर शुक्ला, पप्पू मिश्रा, राज किशोर सिंह बघेल, इंद्रनाथ, शिवबरन, अनुराग, आशीष, शिवगोपाल गुप्ता, रमेश माली, सत्यम गुप्ता, राजू तिवारी, अभिषेक और कपिल द्विवेदी सहित अन्य भक्तगण मौजूद रहे।

# महिला की अश्लील वीडियो वायरल की



**पुलिस ने आरोपी किया गिरफ्तार, पीड़िता को भगाने की धमकी भी देता था**

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

रायबरेली, थाना डीह क्षेत्र में एक महिला का अश्लील वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी शिवम पुत्र घनश्याम बेतौरा का निवासी है। पीड़िता ने 15 अप्रैल को थाना डीह में शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि आरोपी शिवम लगातार उसे भगा ले जाने की धमकी देता था। इतना ही नहीं, उसने पीड़िता का अश्लील वीडियो भी इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिया। पुलिस ने मामले में धारा 351(3) और आईटी एक्ट की धारा 67(ए) के तहत मुकदमा दर्ज किया। अगले ही दिन 16 अप्रैल को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने आरोपी को थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। उप-निरीक्षक पंचम लाल और आरक्षी छोटे सिंह की टीम ने यह कार्रवाई की। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

# किशोरी ने लगाई फांसी, मौत

**परिवार खेत में था, लौटने पर कमरे में मिला शव; पुलिस जांच में जुटी**

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



शाहजहांपुर, थाना तिलहर क्षेत्र में एक 17 वर्षीय किशोरी ने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। मोहद्दीनपुर गांव निवासी ओमकार की बेटी मानसी ने मंगलवार की रात को यह कदम उठाया। घटना के समय मानसी का परिवार खेत में गेहूं की कटाई के लिए गया हुआ था। देर रात जब परिवार वापस लौटा तो कमरे का दरवाजा बंद मिला। काफी प्रयास के बाद दरवाजा खोला गया तो अंदर मानसी का शव साड़ी के फंदे से लटका मिला। परिवार ने बताया कि मानसी का किसी से कोई विवाद नहीं हुआ था। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता कि उसने यह कदम क्यों उठाया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ससुर ने बहू को कुल्हाड़ी से काट डाला

**खेत में पेड़ से फांसी लगाकर दी जान**

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



शाहजहांपुर, शाहजहांपुर में ससुर ने अपनी 30 साल की बहू को कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। इसके बाद घर से 500 मीटर दूर जाकर खेत में पेड़ से लटककर जान दे दी। पुलिस को महिला की 7 साल की बेटी ने बताया, बाबा ने मां को कुल्हाड़ी से मार डाला। पुलिस ने आस-पड़ोस में रहने वालों से भी पूछताछ की। पता चला कि हत्यारोपी ससुर राजपाल को बहू सावित्री के गांव के लोगों से मिलने पर आपत्ति थी। वह उसे रोकता था। दोनों के बीच पहले भी विवाद हो चुका था। शराब के नशे में राजपाल ने सावित्री पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया और उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने घर से कुल्हाड़ी और बहू की टूटी हुई चूड़ियां और शराब की एक बोतल बरामद की है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। घटना कांट थाना क्षेत्र के हठीपुर कुरिया गांव की है। राजपाल (53) ने बेटे सर्वेश की शादी मध्य प्रदेश की रहने वाली सावित्री उर्फ सुमित्रा (32) से 7 महीने पहले की थी। सावित्री विधवा थी और पहले पति से उसकी 7 साल की एक बेटी रागिनी उर्फ शालू है। सर्वेश की यह पहली शादी थी। बेटी रागिनी ने बताया- मंगलवार रात में 8 बजे मां गांव के ही एक घर में कार्यक्रम में ढोलक बजाने गई थी। मां रात में करीब 1 बजे घर लौटी तो बाबा राजपाल ने देर से आने का कारण पूछा। फटकार लगाई। इसी बात पर दोनों के बीच झगड़ा होने लगा। तभी बाबा ने मां को मारना-पीटना शुरू कर दिया। बाबा ने कुल्हाड़ी उठाई और मां को मारने के लिए दौड़ा लिया। मां ने बचने की कोशिश की तो उसकी चूड़ियां टूट गईं। तभी बाबा ने मां के गर्दन पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। मां जमीन पर गिर पड़ीं। कुछ देर तड़पती रहीं। फिर उनकी मौत हो गई। इसके बाद बाबा रात में ही घर से निकल गए। बुधवार सुबह पता चला कि बाबा ने भी जान दे दी है। पति बोला- 15 दिन पहले भी हुआ था विवाद सावित्री के पति सर्वेश ने बताया- मैं ट्रक चलाने का काम करता हूं। होली के अगले दिन ही ट्रक लेकर माल पहुंचाने के लिए घर से निकल गया था। आज सुबह हापुड़ में माल अनलोड करके ट्रक में ही सो रहा था। तभी चाची का फोन आया। उन्होंने बताया कि तुम्हारी बीवी को तुम्हारे पिता ने जान से मार दिया है। इसके बाद मैं ट्रक वहीं पर छोड़कर घर के लिए निकल गया।

# पुलिस अधीक्षक ने स्कूली बच्चों को दिए टिप्स

**पुवायां में सड़क सुरक्षा से लेकर साइबर क्राइम तक की दी जानकारी, रील बनाते समय सतर्कता बरतने की सलाह**

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**




शाहजहांपुर , पुवायां कैंब्रिज कान्वेंट स्कूल में यातायात जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने स्कूल के सभागार में कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

उन्होंने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक ने साइबर क्राइम के बारे में भी बच्चों को जागरूक किया। उन्होंने बच्चों के सवालों का जवाब देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। बच्चों को यातायात के महत्वपूर्ण नियम बताए गए। दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने की सलाह दी गई। वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करने और शराब पीकर वाहन न चलाने की हिदायत दी गई। चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का प्रयोग करने और ओवरलोड वाहन न चलाने की सलाह दी गई। पुलिस अधीक्षक ने सोशल मीडिया पर रील बनाने के बढ़ते चलन पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि युवा रील बनाने के चक्कर में ओवरस्पीड से बाइक चला रहे हैं। यह सड़क दुर्घटनाओं को न्योता दे रहा है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित रहें।

# चकमार्ग पैमाईश के दौरान लेखपाल से अभद्रता

**दबंगों ने फाड़े दस्तावेज, महिला पर गिरेबान पकड़ने का आरोप; एफआईआर दर्ज**

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**




शाहजहांपुर, चकमार्ग की पैमाईश के दौरान दबंगों ने राजस्व टीम पर हमला कर दिया। कलान तहसील के लेखपाल योगेश कुमार तिवारी शिकायत के बाद मिजार्पुर गांव पहुंचे थे। पैमाईश के समय धर्मेंद्र उर्फ मंजू और संजू ढपली ने हमला करने की कोशिश की। उन्होंने फावड़े और लाठी-डंडों का इस्तेमाल किया। आरोपियों ने भू अभिलेख, खसरा और शिकायत पत्र को फाड़ दिया। राजस्व टीम को अपनी जान बचाकर भागना पड़ा। इस दौरान एक महिला ने लेखपाल का गिरेबान पकड़ लिया। हमले में लेखपाल की सोने की चेन टूट गई। पुलिस ने राजस्व टीम को सुरक्षित थाने पहुंचाया। मौके से पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया। लेखपाल की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। मामले की जांच जारी है।

# बिना मान्यता के चल रहे 6 स्कूल

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

शाहजहांपुर, शिक्षा विभाग में डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निरीक्षण के दौरान जब्त की गई फाइलों से बीएसए कार्यालय की पोल खुल गई। कार्यालय ने निदेशक को गलत जानकारी देकर बताया था कि जिले में एक भी स्कूल बिना मान्यता के नहीं चल रहा है। डीएम ने जब गहन जांच कराई तो छह स्कूल बिना मान्यता के चलते पाए गए। इनमें अल्हागंज के दक्ष इंटरनेशनल स्कूल, मार्डन पब्लिक स्कूल और क्वीन मेरी मानटेसरी स्कूल शामिल हैं। जलालाबाद में सद्भावना एजुकेशन एकेडमी, श्री ब्रजपाल सिंह इंटर कालेज बझेड़ा और विद्यादेवी मेमोरियल पब्लिक स्कूल भी बिना मान्यता के संचालित हो रहे थे। यह मामला 7 अप्रैल को सामने आया, जब डीएम ने बीएसए कार्यालय का निरीक्षण किया। वरिष्ठ लिपिक राजेश कुमार मान्यता संबंधी रजिस्टर नहीं दिखा पाए। जलालाबाद बीईओ ने इन स्कूलों के बारे में पहले ही रिपोर्ट दी थी। फिर भी वरिष्ठ लिपिक ने कोई कार्रवाई नहीं की और 9 सितंबर 2024 को निदेशक को गलत सूचना दे दी। डीएम ने वरिष्ठ लिपिक को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही निर्माण शाखा के जिला समन्वयक आलोक मिश्रा को भी सही जानकारी न देने पर सेवा समाप्ति के आदेश दिए गए हैं। डीएम ने कहा कि मामले की जांच जारी है और जो भी दोषी पाए जाएंगे



**भारत संवाद परिवार**

1–संरक्षक–भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,

2–संरक्षक–भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ

3–संरक्षक–भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त )

4–कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी

5–उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा

6–प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# ट्रम्प बोले- हार्वर्ड के टीचर मूर्ख, यूनिवर्सिटी मजाक बन गई

## ये अब पढ़ने लायक नहीं रही; कल 18 हजार करोड़ रुपए की फंडिंग रोकी थी

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर हार्वर्ड यूनिवर्सिटी पर निशाना साधा है। उन्होंने बुधवार को कहा है कि यह यूनिवर्सिटी एक मजाक है और यह सिर्फ वोक कर्मचारियों की भर्ती कर रहा है। ट्रम्प ने कहा कि अब हार्वर्ड को दुनिया की सबसे बेहतर यूनिवर्सिटी या कॉलेजों की किसी भी लिस्ट में नहीं गिना जाना चाहिए। हार्वर्ड एक मजाक है जो नफरत और मूर्खता सिखाता है। इसे अब सरकारी पैसा नहीं मिलना चाहिए। ट्रम्प का यह बयान ऐसे वक्त पर आया है जब उन्होंने एक दिन पहले ही हार्वर्ड की 18 हजार करोड़ रुपए की फंडिंग रोकी थी और उसका टैक्स फ्री दर्जा खत्म करने की बात कही थी। ट्रम्प ने कहा कि हार्वर्ड लगभग पूरी तरह से वोक, कट्टर वामपंथी, मूर्ख और 'पक्षपाती' लोगों को काम पर रख रहा है, जो स्टूडेंट्स और भविष्य के नेताओं को सिर्फ नाकामी का पाठ सकते हैं।



इन वामपंथी मूर्खों के जैसे कई अन्य लोग हार्वर्ड में पढ़ा रहे हैं। इस वजह से हार्वर्ड को अब सीखने की सही जगह नहीं माना जा सकता है। इससे पहले ट्रम्प ने सोमवार को हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की 2.2 अरब डॉलर (करीब 18 हजार करोड़ रुपए) की फंडिंग रोकी थी। यह कार्रवाई इसलिए हुई क्योंकि हार्वर्ड ने व्हाइट हाउस की उन मांगों को मानने से इनकार कर दिया जिनका मकसद कैंपस में यहूदी विरोधी गतिविधियों पर सख्ती करना था।

> ट्रम्प ने कहा– हर कोई जानता है कि हार्वर्ड रास्ते से भटक गया है। हार्वर्ड ने न्यूयॉर्क और शिकागो के मेयर को भारी सैलरी देकर म्यूनिसिपल मैनेजमेंट और गवर्नेंस पढ़ाने के लिए नियुक्त किया है। इन दोनों कट्टरपंथी वामपंथी मूर्खों ने दो ऐसे शहर छोड़ें है, जिन्हें बुराई से उबरने में कई साल लगेंगे।

ट्रम्प प्रशासन ने 3 अप्रैल को यूनिवर्सिटी के सामने मांग रखी थी कि यूनिवर्सिटी के गवर्नेंस, एडमिशन और हायरिंग प्रोसेस पर सरकार को नियंत्रण दिया जाए और इनमें बड़ा बदलाव किया जाए। इसके अलावा डाइवर्सिटी ऑफिस बंद करने और अंतरराष्ट्रीय छात्रों की जांच में इमिग्रेशन अफसरों की मदद करने की मांग भी रखी गई थी। हार्वर्ड ने इन मांगों को गैरकानूनी और असंवैधानिक बताते हुए खारिज कर दिया था।

इसके बाद सोमवार रात को ट्रम्प प्रशासन ने हार्वर्ड को बताया कि उसकी 2 अरब डॉलर से ज्यादा की फेडरल फंडिंग रोका जा रहा है। गाजा में जारी इजराइल-हमास जंग के खिलाफ पिछले साल अमेरिका की कई यूनिवर्सिटीज में फिलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन हुए थे। इन प्रदर्शनों में हजारों छात्रों ने हिस्सा लिया था।

# चीन के 125% के जवाब में ट्रम्प का 245% टैरिफ

## चीन बोला- टैरिफ वॉर से नहीं डरते, अमेरिका ने शुरू किया, हम जवाब दे रहे

एजेंसी

वॉशिंगटन, अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ वॉर और आगे बढ़ गई है। अमेरिका ने अब चीन पर 100% और टैरिफ लगा दिया है। इसके साथ अमेरिका इम्पोर्ट होने वाले चीनी सामान पर कुल टैरिफ 245% हो गया है। चीन ने 11 अप्रैल को अमेरिकी सामान पर 125% टैरिफ लगाया था, जिसके जवाब में ट्रम्प ने नया टैरिफ लगाया है। इससे पहले चीन ने कहा था कि अब वह अमेरिका की तरफ से लगाए जाने वाले किसी भी अतिरिक्त टैरिफ का जवाब नहीं देगा। अमेरिका की तरफ से नए टैरिफ के ऐलान के बाद चीन ने कहा कि हम अमेरिका के साथ ट्रेड वॉर




करने से नहीं डरते। चीन ने दोबारा कहा कि अमेरिका को बातचीत करनी चाहिए। इससे पहले डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा था कि चीन को बातचीत की शुरूआत करनी होगी। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि अगर अमेरिका सच में डायलॉग और समझौते के जरिए मुद्दे को सुलझाना चाहता है, तो उसे बेमतलब का दबाव बनाना, डराना और ब्लैकमेल करना बंद करना चाहिए और चीन के साथ बराबरी, सम्मान और आपसी हित के आधार पर बात करनी चाहिए। लिन जियान ने पत्रकारों से कहा कि 245% अमेरिकी टैरिफ के तहत अलग-अलग टैक्स रेट क्या होगा, ये आप अमेरिका से ही पूछिए। ये टैरिफ वॉर अमेरिका ने शुरू की है, हमने नहीं। हम सिर्फ अमेरिका के एक्शन का जवाब दे रहे हैं। हमारे कदम पूरी तरह तार्किक और कानूनी हैं। हम अपने देश के अधिकारों और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में ईमानदारी बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं। एक दिन पहले जानकारी सामने आई थी कि चीन ने अपनी एयरलाइन कंपनियों को अमेरिकी विमान निमार्ता कंपनी बोइंग से नए विमानों की डिलीवरी नहीं लेने के आदेश दिए हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक बीजिंग ने अमेरिका में बनने वाले विमान के पार्ट्स और डिवाइसेस की खरीद रोकने का आदेश भी दिया है। चीन ने यह आदेश अमेरिका के 145% टैरिफ के जवाब में जारी किया है। बोइंग एयरप्लेन एक अमेरिकी कंपनी है, जो एयरप्लेन, रॉकेट, सैटेलाइट, टेलीकम्युनिकेशन इक्विपमेंट और मिसाइल बनाती है। कंपनी की स्थापना 15 जुलाई 1916 को विलियम बोइंग ने की थी। कई देशों की एयरलाइंस कंपनियां बोइंग के बनाए गए प्लेन का इस्तेमाल करती हैं। बोइंग अमेरिका की सबसे बड़ी एक्सपोर्टर कंपनी है और यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी डिफेंस डील करने वाली कंपनी भी है।

# पाकिस्तान में इजराइल विरोधी प्रदर्शन, केएफसी कर्मचारी की हत्या

## कट्टरपंथियों ने दुकान में घुसकर गोली मारी, तोड़फोड़ और लूटपाट भी की

एजेंसी

इस्लामाबाद, पाकिस्तान के पंजाब में इजराइल विरोधी प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी फास्ट फूड रेस्टोरेंट केएफसी के आउटलेट पर लूटपाट और तोड़फोड़ की। कट्टरपंथी इस्लामी ग्रुप तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के हमले में केएफसी के एक कर्मचारी की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह घटना लाहौर से लगभग 50 किलोमीटर दूर शेखपुरा में घटी। पुलिस के मुताबिक टीएलपी कार्यकर्ताओं के एक बड़े ग्रुप ने सुबह-सुबह केएफसी आउटलेट पर धावा बोल दिया था। हमलावरों ने रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ करते हुए स्टाफ पर गोलियां चलाईं। इस दौरान 40 साल के एक कर्मचारी आसिफ नवाज की मौत हो गई, जबकि बाकी स्टाफ दुकान छोड़कर भाग गया। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस जबतक मौके पर पहुंची तो उपद्रवी भाग चुके थे। इस मामले में 3 दर्जन से ज्यादा संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है और जांच जारी है। पिछले हफ्ते कराची में भी की थी तोड़फोड़ एक दिन पहले ही टीएलपी कार्यकर्ताओं ने रावलपिंडी में केएफसी आउटलेट को भी निशाना बनाया था और संपत्ति को नुकसान पहुंचाया था। पिछले हफ्ते कराची और लाहौर में भी इसी तरह के हमले हुए थे, जहां केएफसी आउटलेट में आग लगा दी गई थी। पंजाब पुलिस इस




मामले में 17 टीएलपी मेंबर को गिरफ्तार किया था। बांग्लादेश में भी कई इंटरनेशनल ब्रांड्स की दुकानों पर हमला कुछ दिनों पहले बांग्लादेश में भी इजराइल विरोधी प्रदर्शनकारियों ने कई इंटरनेशनल ब्रांड्स की दुकानों में लूटपाट और तोड़फोड़ की थी। प्रदर्शनकारी बाटा, केएफसी, पिज्जा हट और प्यूमा जैसे ब्रांड के शोरूम में घुस गए थे और वहां रखे सामानों को नुकसान पहुंचाया था। यह घटना उस वक्त हुई थी जब हजारों लोग फिलिस्तीन के साथ एकजुटता दिखाने के लिए सिलहट, चटगांव, खुलना, बरिशाल, कमिला और ढाका में सड़कों पर उतरे थे। माना जा रहा है कि ये हिंसा उन फेक न्यूज के चलते फैली, जिनमें ये दावा किया गया था कि ये कंपनियां इजराइल से जुड़ी हैं अमेरिकी कंपनी है केएफसी केएफसी भी एक अमेरिकी कंपनी है और इसके आउटलेट्स इजराइल में भी हैं। हालांकि 2021 में तेल अवीव स्थित मार्केटिंग फर्म टिकटुक टेक्नोलॉजीज का अधिग्रहण करने के बाद इसे भी जांच का सामना करना पड़ा है। पिछले महीने इजराइल और हमास का सीजफायर टूटा इजराइल और हमास के बीच पिछले महीने 18 मार्च को दो महीने का सीजफायर टूट गया। इजराइल ने 18 मार्च को गाजा पर हमला किया था, जिसमें 1000 से ज्यादा लोगों की मौत हुई, जबकि 3000 से ज्यादा घायल हुए। दूसरी तरफ इजराइली सेना ने राफा का बाकी गाजा से संपर्क काट दिया है। रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने 12 अप्रैल को इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि इजराइली डिफेंस फोर्स ने मोराग कॉरिडोर पर कब्जा कर लिया है, जिससे राफा का गाजा पट्टी से संपर्क टूट गया है। मोराग कॉरिडोर दक्षिणी गाजा में एक रास्ता है जो उसे गाजा पट्टी से अलग करता है।

# ट्रम्प को सीधे कवर नहीं कर पाएंगी बड़ी न्यूज एजेंसियां

## व्हाइट हाउस ने रॉयटर्स, ब्लूमबर्ग और एपी को प्रेस पूल से बाहर किया

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिका में ट्रम्प प्रशासन ने व्हाइट हाउस प्रेस पूल से रॉयटर्स, न्यूज एजेंसी को बाहर करने का फैसला किया है। व्हाइट हाउस ने 15 अप्रैल को कहा कि इन न्यूज एजेंसी को प्रेस पूल में अब स्थायी जगह नहीं मिलेगी। प्रेस पूल एक छोटा सा ग्रुप होता है, जिसमें करीब 10 मीडिया संस्थान होते हैं। इसमें कुछ पत्रकार और फोटोग्राफर शामिल होते हैं। ये लोग राष्ट्रपति की हर छोटी-बड़ी गतिविधि को कवर करते हैं और



बाकी पत्रकारों को जानकारी देते हैं। व्हाइट हाउस प्रेस पूल की शुरूआत 1950 के दशक में राष्ट्रपति ड्वाइट आइजनहावर के समय हुई थी। दरअसल राष्ट्रपति को कवर करने के लिए पत्रकारों की भीड़ बढ़ने लगी। इससे निपटने के लिए पत्रकारों का एक छोटा सा ग्रुप बनाया गया। इसे प्रेस पूल नाम दिया गया। प्रेस पूल में कौन से मीडिया हाउस होंगे यह तय करने की जिम्मेदारी व्हाइट हाउस करेस्पोंडेंस एसोसिएशन (डब्ल्यूएचसीए) के पास थी। यह पत्रकारों का एक स्वतंत्र संगठन है। इसकी स्थापना साल 1914 में हुई थी। बाकी मीडिया संस्थान जो वॉशिंगटन से सीधे जुड़े नहीं हैं, वे अप-टु-डेट रिपोर्टिंग, वीडियो और ऑडियो के लिए इन्हीं न्यूज एजेंसियों पर निर्भर हैं। प्रेस पूल की जिम्मेदारी डब्ल्यूएचसीए को इसलिए दी गई थी ताकि व्हाइट हाउस पक्षपाती तरीके से पत्रकारों को न चुन सके और सभी को निष्पक्ष जानकारी मिले। हालांकि, एक सदी से ज्यादा समय से चली आ रही ट्रेडिशन को अब बदल दिया गया है। अब व्हाइट हाउस ही यह तय करेगा कि राष्ट्रपति के करीब कौन सा मीडिया हाउस पहुंच सकता है और कौन नहीं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि अब उनकी टीम ही रोजाना प्रेस पूल के मेंबर्स को चुनेंगी। इसका मकसद राष्ट्रपति ट्रम्प का संदेश सही दर्शकों तक पहुंचाना और हर मुद्दे के लिए एक्सपर्ट पत्रकारों को रखना है।

# धर्मेंद्र प्रधान और नितिन गडकरी की बैठक

## बढ़ती दुर्घटनाओं के बीच शिक्षा प्रणाली में सड़क सुरक्षा पर जोर



एजेंसी

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को स्कूली शिक्षा प्रणाली में सड़क सुरक्षा को शामिल करने के लिए बैठक की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में गडकरी ने कहा कि अकेले 2023 में स्कूलों और संस्थागत क्षेत्रों के पास 11,000 से अधिक लोगों की जान चली गई, जिनमें 18 वर्ष से कम आयु के 10,000 से अधिक बच्चे शामिल हैं। गडकरी ने कहा कि यह चिंताजनक आंकड़ा तत्काल कार्रवाई की मांग करता है। शिक्षा मंत्रालय के सक्रिय समर्थन से, हम सड़क सुरक्षा अभियान को पूरे भारत के स्कूलों तक विस्तारित करने के लिए तैयार हैं, जिसका उद्देश्य हमारी भावी पीढ़ियों को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक करना है - जो राष्ट्रीय महत्व की चिंता है।गडकरी ने आगे कहा कि हमने सुरक्षित स्कूल क्षेत्र स्थापित करने, स्कूल के समय बच्चों के प्रवेश और निकास के लिए सख्त प्रोटोकॉल लागू करने और स्कूल बसों और वैन में सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने की तत्काल आवश्यकता पर भी चर्चा की। सभी हितधारकों के समन्वित प्रयासों से, मुझे विश्वास है कि हम भारत में हर बच्चे के

> गडकरी ने कहा कि यह चिंताजनक आंकड़ा तत्काल कार्रवाई की मांग करता है। शिक्षा मंत्रालय के सक्रिय समर्थन से, हम सड़क सुरक्षा अभियान को पूरे भारत के स्कूलों तक विस्तारित करने के लिए तैयार हैं, जिसका उद्देश्य हमारी भावी पीढ़ियों को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक करना है – जो राष्ट्रीय महत्व की चिंता है।

लिए सुरक्षित सड़कों के अपने लक्ष्य के करीब पहुंचेंगे। वहीं, नितिन गडकरी ने अधिकारियों से राजमार्ग परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के लिए शीघ्रता से निर्णय लेने को कहा। गडकरी ने वार्षिक राष्ट्रीय राजमार्ग उत्कृष्टता पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए इस बात पर दुःख जताया कि मंत्रालय तब तक फाइल आगे नहीं बढ़ाता जब तक कोई इसके लिए जोर से कुछ कहता नहीं। उन्होंने कहा, जब तक कोई चिल्लाता नहीं, मंत्रालय में फाइल आगे नहीं बढ़ती... मंत्रालय के कम-से- कम दो प्रतिशत कर्मचारी जो समय पर निर्णय नहीं लेते, उन्हें सेवानिवृत्त कर दिया जाना चाहिए। अपने बेबाक विचारों के लिए जाने जाने वाले मंत्री ने यह भी बताया कि मंत्रालय के अधिकारी ठेकेदारों की बैंक गारंटी वापस करने में करीब एक साल का समय ले रहे हैं। गडकरी ने कहा कि भूमि अधिग्रहण के करीब दो लाख मामले उच्चतम न्यायालय में लंबित हैं।

# नेशनल हेराल्ड मामला : ये सब बीजेपी के इशारे पर हो रहा है :खड़गे

## ईडी की चार्जशीट पर बोले मल्लिकार्जुन खड़गे

> खड़गे ने दावा किया कि हमारा विरोध प्रदर्शन पूरे देश में होगा और हम लोगों को बताना चाहते हैं कि हमें बेवजह परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमने एक संगठन से पैसा उधार लेकर दूसरा संगठन चलाया, इसमें क्या बुराई है?

एजेंसी

नेशनल हेराल्ड मामले में राहुल गांधी और सोनिया गांधी के खिलाफ ईडी की चार्जशीट पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में कुछ भी नहीं है। वित्तीय परेशानियों के कारण इसे कुछ समय के लिए बंद कर दिया गया था। सोनिया गांधी ने कर्ज और दान के साथ इसे पुनर्जीवित करने की कोशिश की। अब, वे कहते हैं कि कर्ज लेना गलत है। उन्होंने कहा कि भाजपा कानून के खिलाफ काम कर रही है। जो गलत है, वह गलत है और हम इसे साबित



करेंगे। खड़गे ने दावा किया कि हमारा विरोध प्रदर्शन पूरे देश में होगा और हम लोगों को बताना चाहते हैं कि हमें बेवजह परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमने एक संगठन से पैसा उधार लेकर दूसरा संगठन चलाया, इसमें क्या बुराई है? पंडित नेहरू ने जो अखबार शुरू किया था, वह सत्ता से बाहर होने पर बंद हो गया। हमने तो बस उसे फिर से शुरू करने की कोशिश की। अब वे (बीजेपी) अपने संगठन का विस्तार कर रहे हैं, पिछले 8-9 सालों में इतना पैसा कहां से आया। वहीं, गुरुग्राम भूमि मामले में कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा से ईडी की पूछताछ पर खड़गे ने कहा कि यह उनका निजी मामला है। वह जवाब देने में सक्षम हैं। पार्टी का इसमें कोई दखल नहीं है। कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि यह कानूनी छद्मवेश में प्रतिशोध के अलावा और कुछ नहीं है। ईडी को जवाब देना चाहिए कि एनडीए के किसी सहयोगी या भाजपा नेता को ईडी ने क्यों नहीं छुआ। चयनात्मक न्याय वास्तव में राजनीतिक ठगी के अलावा और कुछ नहीं है। जयराम रमेश ने कहा कि पिछले दो दिन से प्रतिशोध, उत्पीड़न और धमकी देने की राजनीति जारी है। कांग्रेस नेतृत्व खासतौर पर चेयरपर्सन सोनिया गांधी जी और नेता विपक्ष राहुल गांधी को जानबूझकर निशाना बनाया गया। जनता के मुद्दों, विदेश नीति और आर्थिक संकट से ध्यान हटाने के लिए ये प्रयास किया जा रहा है। इस प्रतिशोध की राजनीति के सूत्रधार दो व्यक्ति हैं, जिनकी मानसिकता आपराधिक है, लेकिन हम चुप नहीं रहेंगे। आज भी राहुल गांधी जी गुजरात में हैं और हमारे साथियों ने देशभर में एऊ से जुड़े मामले को लेकर प्रदर्शन किए हैं। हमें चुप नहीं किया जा सकता। हम जनता के मुद्दे उठाते रहेंगे।

# ममता बनर्जी पर भाजपा का पलटवार, कहा- उनके नेतृत्व वाली सरकार के दिन गिने-चुने रह गए हैं

> विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने पार्टी विधायकों की सभा का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। हिंदू आबादी भावुक है, यह दुखद है। पूरा राज्य सड़कों पर है और हिंदू शहीद दिवस मना रहा है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि ममता को पद छोड़ देना चाहिए। उन्हें जेल जाना चाहिए। हम कायर हिंदू नहीं हैं, हम स्वामी विवेकानंद के हिंदू हैं।



एजेंसी

मुर्शिदाबाद में वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान मारे गए हिंदू परिवार को श्रद्धांजलि देते हुए, भाजपा ने कोलकाता में राज्य विधानसभा के बाहर हिंदू शहीद दिवस मनाया। विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने पार्टी विधायकों की सभा का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। हिंदू आबादी भावुक है, यह दुखद है। पूरा राज्य सड़कों पर है और हिंदू शहीद दिवस मना रहा है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि ममता को पद छोड़ देना चाहिए। उन्हें जेल जाना चाहिए। हम कायर हिंदू नहीं हैं, हम स्वामी विवेकानंद के हिंदू हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मुस्लिम मौलवियों के साथ बैठक पर सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि यह एक सम्मानित बैठक थी। ये लोग दंगाई हैं। ममता बनर्जी उन्हें दिल्ली जाने और दिल्ली बंद करने के लिए उकसा रही हैं। दिल्ली जाने के लिए आपको उत्तर प्रदेश से होकर जाना होगा। ममता बनर्जी दिल्ली, बिहार और यूपी में सत्ता में नहीं हैं। वहां नीतीश कुमार और योगी आदित्यनाथ हैं। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि बीएसएफ, केंद्रीय बलों, वदीर्धारी बलों, सशस्त्र बलों को गाली देना टीएमसी की संस्कृति का अभिन्न अंग बन गया है।

# कौन सा त्याग, कौन सा समर्पण, कौन सा योगदान...

## नेशनल हेराल्ड केस को लेकर कांग्रेस पर बरसे सुधांशु त्रिवेदी

> भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस आरोप लगाएगी कि हम नेहरू को दोष दे रहे हैं, लेकिन हम नेहरू को दोष नहीं दे रहे हैं। सरदार पटेल और सीबी गुप्ता ने अपने संस्मरणों में पुरुषोत्तम दास टंडन, आचार्य नरेंद्र देव, शिव प्रसाद गुप्ता और श्रीप्रकाश जी का संदर्भ देते हुए यह बात लिखी है।

एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय ने नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस नेताओं सोनिया और राहुल गांधी पर पीएमएलए के तहत एजेएल की 2,000 करोड़ रुपये की संपत्ति अर्जित करने की साजिश का आरोप लगाया है। इसको लेकर सियासत तेज हो गई है। कांग्रेस केंद्र सरकार पर हमलवार है। वहीं, भाजपा भी कांग्रेस पर पलटवार कर रही है। इसी बीच भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि सवाल नैतिकता का है। कांग्रेस पार्टी ने जिस तरह से स्वतंत्रता सेनानियों की विरासत के साथ खिलवाड़ किया है, वह पुरानी बीमारी है। भाजपा नेता ने



कहा कि कांग्रेस आरोप लगाएगी कि हम नेहरू को दोष दे रहे हैं, लेकिन हम नेहरू को दोष नहीं दे रहे हैं। सरदार पटेल और सीबी गुप्ता ने अपने संस्मरणों में पुरुषोत्तम दास टंडन, आचार्य नरेंद्र देव, शिव प्रसाद गुप्ता और श्रीप्रकाश जी का संदर्भ देते हुए यह बात लिखी है। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस को नेहरू-गांधी परिवार पर लगाए गए आंतरिक आरोपों की जानकारी नहीं है, तो मेरे लिए कहने को ज्यादा कुछ नहीं है। कानूनी प्रक्रियाओं को दोष देना गलत है। त्रिवेदी ने कांग्रेस से सवाल करते हुए कहा कि मैं कांग्रेस पार्टी से पूछना चाहता हूं कि कौन सा त्याग, कौन सा समर्पण, कौन सा योगदान... ये (नेशनल हेराल्ड केस) शुद्ध बिजनेस ट्रांजैक्शन का मामला है तो वो कैसे कह सकते हैं कि ये ईडी के परव्यू से बाहर है या ये किसी राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है। जबकि ये विषय 2012 में उठा, अक्टूबर 2013 में वढअ सरकार के शासनकाल में एक जनहित याचिका पर दिल्ली हाईकोई के निर्देश पर ये केस शुरू हुआ था। उन्होंने दावा किया कि यह स्पष्ट है कि कांग्रेस नहीं चाहती थी कि नेशनल हेराल्ड अखबार चलता रहे। इसीलिए उन्होंने इसे पदेन संस्था नहीं बनाया। कांग्रेस के नेताओं को भी उनकी मंशा पर संदेह था। श्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने भी पंडित जवाहरलाल नेहरू को पत्र लिखकर इस पर सवाल उठाया था, जिसे नेहरू ने आसानी से नकार दिया।

## संक्षेप

### बिसवा में बाहरी मजदूरों के बच्चों का स्कूल में नामांकन

**इएड ने नामांकित बच्चों को बस्ते और किताबें वितरित की**

सुलतानपुर, धनपतगंज के खंड शिक्षा अधिकारी श्याम बिहारी ने बुधवार को बिसवा गांव के ईंट भट्ठे पर एक महत्वपूर्ण पहल की। उन्होंने अपनी टीम के साथ वहां काम करने वाले बाहरी मजदूरों के बच्चों का नजदीकी विद्यालय में नामांकन कराया। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि शिक्षा सबका मौलिक अधिकार है। कोई भी बच्चा इससे वंचित न रहे, यह सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने नामांकित बच्चों को बस्ते और किताबें भी वितरित कीं। अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करते हुए बीईओ ने कहा कि बच्चों की शिक्षा परिवार के भविष्य को भी सुधारती है। यह पहल शासन की उस मनसा को पूरा करती है, जिसमें सभी बच्चों को शिक्षा का अधिकार सुनिश्चित करना है।

### बालिकाओं की शिक्षा को मिला बड़ा सहारा

**खारा में हाईस्कूल के लिए 1.32 करोड़ मंजूर, 500 छात्राओं को मिलेगी शिक्षा**

सुल्तानपुर, उत्तर प्रदेश की खारा ग्राम पंचायत में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक बड़ा कदम उठाया गया है। सरकार ने हाईस्कूल निर्माण के लिए यूपी सिडको को 1 करोड़ 32 लाख रुपये जारी कर दिए हैं। यह प्रोजेक्ट क्षेत्र की लगभग 500 छात्राओं के लिए वरदान साबित होगा। इससे चंदौर, रामनगर, विसावा और सताहरी ग्राम पंचायत की बच्चियों को लाभ मिलेगा। पहले इन बच्चियों को शिक्षा के लिए दूर-दराज जाना पड़ता था। इस कारण कई छात्राएं अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ देती थीं। ग्राम प्रधान इंजीनियर दिव्यराज सिंह ने इस परियोजना को अपनी प्राथमिकता बनाया। उन्होंने जूनियर हाई स्कूल को हाईस्कूल में अपग्रेड कराने में सफलता प्राप्त की। यह ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग थी।

### 10 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**व्यापारी से एक लाख की लूट में शामिल था, लूट के रुपये बरामद**

बांदा, पुलिस ने एक लाख रुपए की लूट के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में चल रहे अभियान के तहत थाना अतर्रा पुलिस ने यह कार्रवाई की। घटना 10 अप्रैल 2025 को अतर्रा थाना क्षेत्र के शांति धाम स्कूल के पास हुई थी। बदमाशों ने एक व्यापारी से एक लाख रुपए लूट लिए थे। इस मामले में पहले ही चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका था। मुख्य आरोपी की तलाश जारी थी। पुलिस अधीक्षक ने इस फरार आरोपी पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। अतर्रा पुलिस ने आरोपी को थाना क्षेत्र के तुर्रा नाला के पास से पकड़ लिया।

# जमीन विवाद में हुई चंद्रकांत मिश्रा की हत्या का खुलासा

**प्रयागराज पुलिस ने पिता-पुत्र समेत दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, घटना में इस्तेमाल बाइक बरामद**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, जमीन विवाद को लेकर हुई चंद्रकांत मिश्रा की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। यमुनानगर की खीरी और एसओजी पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी यमुना नगर विवेक सी यादव के मुताबिक, बुधवार को खीरी के गड़री नहर पुलिया के पास से शुभम सिंह उर्फ सर्वशक्ति सिंह और विजय सिंह को पकड़ा गया। दोनों मध्य प्रदेश के रीवा जिले के चाकघाट थाना क्षेत्र के कुडरी गांव के रहने वाले हैं। मृतक के भाई मिथिलेश मिश्र की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। 9 अप्रैल को चंद्रकांत मिश्र खेत में गेहूं की मड़ाई करा रहे थे। इसी दौरान उन पर गोली चलाई गई। उन्हें इलाज के लिए प्रयागराज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शुरूआती जांच में बलवीर सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। जांच में पता चला कि हत्या की योजना बलवीर सिंह के बेटे शुभम और विजय सिंह ने बनाई थी। पूछताछ में शुभम ने बताया कि उसके पिता का मृतक से जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। वारदात के बाद विजय सिंह ने शुभम की मां और बहन को बाइक से छोड़ा। शुभम अपने पिता के साथ फरार हो गया। दोनों आरोपी घटना के बाद से फरार थे। कस्बे के बाजार की ओर जाते समय पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल भी बरामद की हैं। दोनों आरोपियों को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

# बंगाल में हिंदुओं पर अत्याचार का विरोध

**प्रयागराज में भाजपा किसान मोर्चा ने ममता का पुतला फूंका, मुर्शिदाबाद की घटनाओं पर जताया रोष**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, भाजपा किसान मोर्चा ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन किया। यह विरोध प्रदर्शन सिविल लाइंस के सुभाष चौराहे पर किया गया। किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण श्रीवास्तव के नेतृत्व में कार्यकताओं ने मुर्शिदाबाद में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों का विरोध किया। उन्होंने कहा कि पिछले एक सप्ताह से मुर्शिदाबाद में हिंदू परिवारों को पलायन करने पर मजबूर किया जा रहा है। हिंदुओं के घरों और प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि बंगाल पुलिस के सामने ये सब हो रहा है। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारियों को सरकार का परोक्ष समर्थन मिल रहा है। प्रदर्शनकारियों ने ममता बनर्जी पर वोट बैंक की राजनीति का आरोप लगाया। विरोध प्रदर्शन में किसान मोर्चा के कई पदाधिकारी शामिल हुए। इनमें दिव्यांशु शुक्ला, संदीप यादव, शनि सिंह, अजनी सिंह, राहुल सिंह, राजेश सिंह, अरुण कुमार सिंह, लक्ष्मीकांत उपाध्याय और रामबाबू पटेल प्रमुख थे।

## 60 सालों तक एक ही परिवार ने राज किया

- राज्यसभा सांसद बोले- जाति को जाति से और क्षेत्र को क्षेत्र से लड़ाया गया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, प्रतापगढ़ जाते समय भाजपा के राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य ने कई बड़े बयान दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने विकास की नई गाथा लिखी है। पार्टी तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। कांग्रेस पर हमला करते हुए मौर्य ने कहा कि 60 सालों तक एक ही परिवार ने देश पर राज किया। इस दौरान जाति को जाति से और क्षेत्र को क्षेत्र से लड़ाया गया। उन्होंने राहुल गांधी को दिशाहीन पार्टी का नेता बताया। समाजवादी पार्टी पर भी उन्होंने निशाना साधा। मौर्य ने कहा कि सपा नेता घर बैठकर फेसबुक और ट्विटर पर सपने देखते हैं। वे अगले 20 साल तक ऐसे ही सपने देखते रहेंगे। राम जी लाल सुमन के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए सांसद ने कहा कि महापुरुषों के बारे में अपशब्द बोलना भारतीय परंपरा नहीं है। महापुरुष किसी जाति या परिवार के नहीं, पूरे देश के होते हैं। उन्होंने देश की एकता के लिए अपना जीवन समर्पित किया। नेशनल हेराल्ड केस में राहुल गांधी और सोनिया गांधी के खिलाफ ईडी की चार्जशीट पर मौर्य ने कहा कि कानून सबके लिए बराबर है। जो कानून का उल्लंघन करेगा, उसे सजा मिलेगी।

## आप का दावा- यूपी में भाजपा को देंगे टक्कर

**जिला प्रभारी बोले- 3 महीने में संगठन होगा मजबूत, लखनऊ में 26 को बैठक**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, आम आदमी पार्टी ने बड़ा दावा किया है। एक निजी मैरिज लॉन में आयोजित कार्यकर्ता बैठक में बौद्ध प्रांत के महासचिव और जिला प्रभारी रजत चौरसिया मुख्य अतिथि थे। जिलाध्यक्ष बृजेश प्रजापति और कार्यकताओं ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। जिला प्रभारी चौरसिया ने कहा कि तीन महीने में पार्टी जिले में भाजपा की बराबरी कर लेगी। उन्होंने बताया कि 26 अप्रैल को लखनऊ में प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता बैठक होगी। जिले से सैकड़ों कार्यकर्ता इस बैठक में शामिल होंगे।

सह प्रभारी मो अख्तर ने कहा कि लोगों का भाजपा से मोहभंग हो रहा है। उनके अनुसार भाजपा का समय जा रहा है और आम आदमी पार्टी का समय आ रहा है। कार्यक्रम में महासचिव रामबिलास तिवारी, पूनम श्रीवास्तव, अजीत श्रीवास्तव, मकसूद अंसारी, अजमल खान, शहजादा शकील खान समेत कई नेता मौजूद थे। सुरेश चंद्र गौतम, जयप्रकाश यादव, बृजेश सिंह, भाष्कर देव मिश्र और जितेंद्र तिवारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके अलावा धर्मेन्द्र जयसवाल, साहिल तिवारी, पवन कुमार दुबे, अरविंद यादव, सदाब अहमद, अरुण पाल, आस मोहम्मद, रामसुरत शर्मा, लालजी मौर्य और हरिपाल गौतम भी उपस्थित रहे।

## हिंगलाज धाम को मिली बड़ी सौगात



- 62 लाख की लागत से होगा मंदिर का जीर्णोद्धार, विधायक ने किया शिलान्यास

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, अमेठी के मुसाफिरखाना स्थित प्रसिद्ध हिंगलाज भवानी शक्तिपीठ का कायाकल्प होने जा रहा है। शासन ने इस कार्य के लिए 62 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की है। स्थानीय विधायक राकेश प्रताप सिंह ने शिलान्यास कर कार्य का शुभारंभ किया। हिंगलाज धाम आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए आते हैं। कई प्रमुख राजनेता भी यहां माथा टेक चुके हैं। विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि हिंगलाज भवानी शक्तिपीठ धार्मिक आस्था का केंद्र होने के साथ-साथ क्षेत्र के सांस्कृतिक और पर्यटन विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

शिलान्यास कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने मां हिंगलाज भवानी से क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इस योजना के तहत मंदिर में विभिन्न विकास कार्य किए जाएंगे। इससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

# निजी स्कूलों पर कार्रवाई की तैयारी

**किताबें-कॉपी खास दुकानों से खरीदने की मजबूरी, बीएसए ने दिए जांच के निर्देश**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, निजी स्कूलों द्वारा अभिभावकों को विशेष दुकानों से किताबें और कॉपियां खरीदने के लिए मजबूर करने के मामले में बेसिक शिक्षा विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) संजय तिवारी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को इस संबंध में जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। स्कूल संचालक सरकारी आदेशों की अवहेलना करते हुए अभिभावकों को चुनिंदा दुकानों से शैक्षणिक सामग्री खरीदने के लिए बाध्य कर रहे हैं। इससे अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद बेसिक शिक्षा विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। स्कूलों की जांच कर होगी कार्रवाई बीएसए संजय तिवारी ने बताया कि मान्यता प्राप्त विद्यालयों में एनसीईआरटी की पाठ्य पुस्तकों के बजाय अन्य प्रकाशकों की किताबें लगाई जा रही हैं। स्कूल प्रबंधन खास प्रकाशकों के वेंडर तय कर अभिभावकों को उन्हीं से सामान खरीदने को मजबूर कर रहे हैं। यह शासन के आदेशों का स्पष्ट उल्लंघन है। इस कारण अभिभावकों में भारी रोष है। विभाग ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को ऐसे स्कूलों की जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं।

# पिता-भाई के हत्यारे ने किया सुसाइड

**थानाध्यक्ष के सामने कनपटी पर गोली मारी, घर में छिपा था; गांव छावनी में तब्दील**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुल्तानपुर, पिता और भाई की हत्या करने वाले ने मंगलवार को सुसाइड कर लिया। अपने घर के अंदर एसओ के सामने अजय यादव ने तमंचे से कनपटी पर गोली मार ली। अजय को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गांव वालों का आरोप है कि पुलिस ने एनकाउंटर किया है। मौके से 9 एमएम और 32 एमएम के 2 खोखे मिले हैं। हालांकि एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने स्पष्ट किया कि मुख्य आरोपी अजय यादव ने आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम में भेज दिया है। अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। घटना कूरेभार थाना क्षेत्र के सहरी गांव की है। पूरा गांव छावनी में बदल गया है। पुलिस फोर्स के अलावा क्राइम ब्रांच टीम भी यहां पहुंच गई है। गांव वाले बोले- रात में घर आया और छिप गया गांव वालों ने बताया कि अजय यादव सोमवार रात में किसी समय आया और घर में छुप गया। मंगलवार शाम करीब 5.30 बजे उसका भांजा किताब निकालने के लिए घर आया। तभी पुलिस वाले भी वहां पहुंच गए। जब भांजे ने घर खोला, तो अजय एक कमरे से बाहर निकला। इसके बाद घर के अंदर ही एक गैलरी में चला गया। गांव वालों का कहना है कि उसने तुरंत पिस्टल निकाली और एसओ रविंद्र सिंह के सामने ही ट्रिगर दबा दिया। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इसका कई लोगों ने वीडियो बना लिया था, लेकिन पुलिस ने दबाव बनवाकर डिलीट कराया है। अजय यादव मरने से कुछ समय पहले छोटे भाई विजय से मिला था। यह बात विजय ने पुलिस को बताई है। विजय ने बताया कि भाई उससे गले लगकर फूट-फूट कर रोया। विजय ने उससे कहा कि ये तुमने क्या कर दिया? खुद का नाश कर दिया, सबको मार दिया। इस पर अजय कहने लगा कि मैं भी पछता रहा हूं। उस समय मुझे बहुत चढ़ाया गया था। उसने हमसे संतराम शुक्ला, श्याम सिंह, राजदेव, अशोक सिंह का नाम लिया।

## अंबेडकर जयंती समारोह में लड़कियों का डांस

**अमरोहा में श्रद्धांजलि सभा के दौरान स्टेज पर लगे ठुमके, कार्रवाई की मांग**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमरोहा, जिले के मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम विवाद का केंद्र बन गया है। श्रद्धांजलि सभा के दौरान मंच पर बार डांसरों द्वारा फिल्मी गानों पर किए गए नृत्य का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

आयोजकों द्वारा श्रद्धांजलि सभा में इस प्रकार का कार्यक्रम करवाने से स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। समाज के विभिन्न वर्गों से इस घटना की कड़ी निंदा की जा रही है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि अंबेडकर जयंती जैसे महत्वपूर्ण अवसर पर इस तरह का कार्यक्रम क्यों आयोजित किया गया। वीडियो वायरल होने के बाद यह मामला चर्चा का विषय बन गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। हालांकि, स्थानीय प्रशासन की ओर से अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

## कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

**राहुल गांधी पर ईडी की कार्रवाई के विरोध में पुतला दहन की कोशिश, पुलिस से झड़प**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, अमेठी में कांग्रेस कार्यकताओं और पुलिस के बीच झड़प हो गई। कांग्रेस कार्यकर्ता राहुल गांधी पर ईडी की कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ता बैनर और झंडे लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का पुतला जलाने की कोशिश की। पुलिस ने जब उन्हें रोका तो दोनों पक्षों में झड़प शुरू हो गई। करीब 10 मिनट तक चली इस झड़प में हाथापाई भी हुई। बाद में भारी पुलिस बल ने स्थिति को नियंत्रित किया और प्रदर्शनकारियों से पुतला छीन लिया। यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक शिवहरे ने कहा कि वे दो मुद्दों पर विरोध कर रहे थे। पहला, अमेठी में जल जीवन मिशन में व्याप्त भ्रष्टाचार।

## मजिस्ट्रेट पर 50,000 रिश्वत मांगने का आरोप

**बुजुर्ग महिला ने सिंचाई विभाग के दफ्तर में पेड़ पर चढ़कर आत्महत्या की धमकी दी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मथुरा, सिविल लाइन इलाके में स्थित सिंचाई विभाग के कार्यालय पर उस समय हड़कंप मच गया जब छाता तहसील के सुजावली गांव की रहने वाली 65 वर्षीय वृद्ध महिला सोना पेड़ पर चढ़ गई। और आत्महत्या की धमकी देने लगी, पीड़ित वृद्ध महिला सोना ने स्पेशल जुडिशल मजिस्ट्रेट अपरखंड आगरा नहर मथुरा अतुल कुमार सिंह चौहान पर न्याय देने के लिए 50 हजार रु की रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है । वृद्ध महिला पेड़ पर चढ़ी रही सिंचाई विभाग के अधिकारी मामले को दबाते रहे अगर महिला को इस समय में कुछ हो जाता तो उसका जिम्मेदार कौन होता जब वृद्ध महिला के पेड़ पर चढ़ने की बात फैलने लगी तो दमकल विभाग को सूचना दी गई । मौके पर दमकल विभाग और इलाका पुलिस पहुंची, महिला को रेस्क्यू कर दो घंटे बाद पेड़ से नीचे उतारा गया।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी , एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग, कुर्ला (प) मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डी माहपे नवी मुंबई ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935, 9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी